आज का मौसम
आसमान में आज धूपखिली रहेगी।
33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.36 | सूर्यास्त 6.39

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# यूनाइट फॉर ह्यूमैनिटी

UFH न्यूज़

वर्ष :11 अंक :01 08 मूल्य : 2 रुपये ,लखनऊ, 17 मार्च,मंगलवार 2026 RNI NO :- UPHIN/2014/57987

## ईरान के साथ कोई पूर्व समझौता नहीं : जयशंकर

### भारत ने ईरान से 550 से अधिक भारतीयों को निकाला, जयशंकर ने आर्मेनिया को धन्यवाद दिया



नयी दिल्ली। भारत ने आर्मेनिया के रास्ते ईरान से अपने 550 से अधिक नागरिकों को निकाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को आर्मेनिया को पारगमन सुविधा प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। वदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को देखते हुए, नयी दिल्ली ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों से आग्रह कर रही है कि वे सीमा पार कर आर्मेनिया की ओर आ जाएं, ताकि वहां से स्वदेश वापसी की सुविधा प्रदान की जा सके। वर्तमान में ब्रसेल्स की यात्रा कर रहे जयशंकर ने कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी में सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके समर्थन के लिए हम आभारी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह कहा था कि लगभग 9,000 भारतीय ईरान में रह रहे हैं, और भारत सरकार उन लोगों की पूरी सहायता कर रही है जो अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौटना चाहते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नयी दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि मैं इस समय उनसे (ईरान) बातचीत कर रहा हूं और मेरी बातचीत से कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे मुझे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी ऐसा करना जारी रखूंगा। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से होकर गुजरता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत है। जयशंकर ने इस बात से भी इनकार किया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को गुजरने देने के बदले में ईरान को कुछ दिया था। उन्होंने कहा कि यह लेन-देन का मामला नहीं है। जयशंकर ने कहा कि भारत और ईरान के बीच संबंध हैं, और यह एक ऐसा संघर्ष है जिसे हम बेहद दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं।

## ईरान युद्ध के कारण अपनी चीन यात्रा टाल सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान युद्ध के कारण अपनी चीन यात्रा टाल सकते हैं।

हालांकि, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोमवार को कहा कि इस कदम को होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बीजिंग पर दबाव डालने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। बेसेंट ने कहा कि ट्रंप की बीजिंग यात्रा में किसी भी प्रकार की देरी के पीछे की वजह ईरान युद्ध पर असहमति या होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, यदि किसी कारणवश बैठक का समय बदला जाता है, तो यह व्यवस्था संबंधी कारणों से होगा। बेसेंट ने कहा, राष्ट्रपति युद्ध की स्थिति का समन्वय करने के लिए वाशिंगटन में ही रहना चाहते हैं, और ऐसे समय में विदेश यात्रा करना शायद उचित नहीं होगा। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह इस महीने के अंत में चीन की अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा को स्थगित कर सकते हैं क्योंकि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करने और ईरान युद्ध के कारण आसमान छू रही तेल की कीमतों को कम करने के लिए बीजिंग पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं।

## संक्षेप

### अधिकारियों को हटाना बंगाल विरोधी सोच को दिखाता है: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के ठीक बाद राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के तबादलों को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को महिला विरोधी और बंगाल विरोधी करार दिया। राज्य में एलपीजी संकट के विरोध में निकाले गए मार्च के बाद मध्य कोलकाता के डोरिना क्रॉसिंग पर एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग का जिक्र किये बिना कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन अधिकारियों को नियुक्त करते हैंअ वे सभी बंगाल के लिए काम करेंगे। बनर्जी ने कहा, उन्होंने राज्य सरकार से परामर्श किए बिना, मुख्य सचिव और बंगाली महिला नंदिनी चक्रवर्ती को हटाने के लिए आधी रात का समय चुना। इससे पता चलता है कि वे कितने महिला विरोधी हैं। हमारे गृह सचिव गैर-बंगाली हैं। उनका हटाया जाना बंगाल के कुशल अधिकारियों के प्रति उनके गहरे तिरस्कार को दर्शाता है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर राज्य में रसोई गैस के संकट पर बनर्जी ने दावा किया कि यह समस्या कृत्रिम रूप से पैदा की गई।

## हरिचंद ठाकुर की जयंती पर मतुआ समुदाय को दी गयी शुभकामनाएं

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मतुआ समुदाय को उनके आध्यात्मिक नेता हरिचंद ठाकुर की 215वीं जयंती पर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उत्तर 24 परगना में मतुआ धर्म मेला आयोजित किया जा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री श्री ठाकुर एक महान और दिव्य आत्मा थे। उन्होंने हमारे शाश्वत ज्ञान और आध्यात्मिकता में गहराई से उतरकर भक्ति, समानता और नैतिक जीवन से जुड़ी अमूल्य शिक्षाएं दीं, जो आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मतुआ धर्म मेला द्वारा इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में हरिचंद ठाकुर को जय हरिबोल कहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नदिया जिलों समेत पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में मतुआ समदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं।

## होर्मुज की रक्षा में मदद करने के ट्रंप के आह्वान पर चीन का जवाब : सभी पक्ष तुरंत सैन्य अभियान रोकें

बीजिंग। चीन ने सोमवार को सभी पक्षों से पश्चिम एशिया में सैन्य अभियान तुरंत रोकने का आह्वान किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय परिवहन के लिए खुला रखने में चीन सहित अन्य देशों से सहयोग करने का आह्वान किया था, जिसके जवाब में बीजिंग ने यह टिप्पणी की। अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों के जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को निशाना बनाया, जिससे वैश्विक ऊर्जा के प्रवाह और व्यापार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। ईरान के हमलों से तेल आपूर्ति में अब तक की सबसे बड़ी बाधा उत्पन्न हुई है और वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

चीन ने यह भी कहा कि वह इस महीने के अंत में ट्रंप की बीजिंग यात्रा को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने ट्रंप के जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत तैनात करने के आह्वान पर यहां प्रेसवार्ता में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के जलक्षेत्र में हालिया तनाव ने माल व अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के प्रवाह को प्रभावित किया है तथा क्षेत्रीय शांति व वैश्विक स्थिरता को नुकसान पहुंचाया है। लिन ने कहा कि चीन एक बार फिर सभी पक्षों से सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने का आह्वान करता है, ताकि तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके तथा क्षेत्रीय अशांति का वैश्विक आर्थिक विकास पर व्यापक प्रभाव न पड़े। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह महीने के अंत में होने वाली अपनी चीन यात्रा को स्थगित कर सकते हैं, जिसपर लिन ने कहा कि बीजिंग और वाशिंगटन दोनों अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा के बारे में बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप की इस टिप्पणी का संबंध स्पष्ट रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में मदद करने की उनकी अपील पर बीजिंग की प्रतिक्रिया से है।

## एलपीजी संकट पर खरगे ने सरकार को घेरा, नड्डा ने कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया



नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया, जबकि केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ा है और इसका प्रभाव देशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों, मध्यम वर्ग, सामान्य परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

खरगे ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत आयात होर्मुज की खाड़ी के रास्ते होता है। ऐसे में मौजूदा स्थिति घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। छोटे ढाबों, रेस्तरां, छात्रावासों और सामुदायिक रसोई तक इस संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपये से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में एलपीजी की कमी से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को पता था कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, तो उसे पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यदि एलपीजी आयात के लिए पहले से वैकल्पिक उपाय किए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। खरगे ने यह भी कहा कि अब एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उनके अनुसार, शहरों में यह अवधि करीब 25 दिन और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में लगभग 45 दिन तक पहुंच गई है, जिससे घबराहट में बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ रही है।

## न्यायालय ने यूएई के 500 करोड़ रुपये के धन संबंधी आदेश पर पूर्व प्रधान ललित को मध्यस्थ नियुक्त किया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने यूएई की अदालत द्वारा रास अल खैमाह इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (राकिया) के पक्ष में और हैदराबाद के उद्योगपति निम्मगड्डा प्रसाद के खिलाफ दिए गए 500 करोड़ रुपये के आदेश से जुड़े विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित को सोमवार को मध्यस्थ नियुक्त किया। राकिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक दीवानी फैसले को लागू करवाने की कोशिश कर रही है, जिसके तहत उसे 267,941,374 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 543 करोड़ रुपये मूलधन और ब्याज सहित 643 करोड़ रुपये) का भुगतान करना होगा।

यह मामला आंध्र प्रदेश में बंदरगाह और हवाई अड्डे के विकास के लिए 2008 में शुरू असफल संयुक्त उद्यम वैनपिक प्रोजेक्ट से जुड़ा है। राकिया का आरोप है कि प्रसाद ने राकिया के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) खाटर मस्साद के साथ मिलकर परियोजना के लिए आवंटित 12 करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन किया। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को प्रसाद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम ने बताया कि उद्योगपति ने पहले दिए गए निर्देशानुसार 125 करोड़ रुपये नकद जमा कर दिए हैं। यह भी बताया कि तेलंगाना में स्थित 37 एकड़ भूमि के मूल स्वामित्व दस्तावेज भी अदालत में जमा कर दिए गए हैं।

## रूस ने मॉस्को को निशाना बनाने आये यूक्रेन के 250 ड्रोन मार गिराये: महापौर

मॉस्को। रूस की वायुरक्षा प्रणाली ने सप्ताहांत में राजधानी मॉस्को को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन की ओर से भेजे गए 250 ड्रोन मार गिराए। शहर के महापौर सर्गेई सोब्यानिन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

महापौर का यह बयान ऐसे समय आया है जब सोमवार सुबह कुछ प्रमुख हवाई अड्डों को उड़ानों की संख्या में कटौती करनी पड़ी। सोब्यानिन ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा मंत्रालय की वायु रक्षा प्रणाली को उनके पेशेवर और समर्पित कार्य के लिए धन्यवाद। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी की ओर या रक्षा की दूसरी पंक्ति की ओर बढ़ रहे 250 स्थिर डैनों वाले ड्रोन को मार गिराया गया। यूक्रेन ने 14 मार्च को मॉस्को को निशाना बनाने के लिए बड़े पैमाने पर हमलों की शुरुआत की। राजधानी की ओर बढ़ते समय कुल 159 ड्रोन को मार गिराया गया। इन हमलों की वजह से सोमवार को प्रमुख हवाई अड्डों पर परिचालन सीमित करना पड़ा। हवाई सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण, राजधानी के डोमोडेडोवो और जुकोवस्की हवाई अड्डे वर्तमान में संबंधित अधिकारियों के समन्वय से उड़ानों का परिचालन कर रहे हैं।

# बिहार-झारखंड जाने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़े, मिलेगी राहत



वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** होली के बाद भी, पूर्वी क्षेत्र की ओर जाने वाली ट्रेनें भीड़भाड़ वाली बनी हुई हैं। इस पूरे महीने अधिकांश नियमित ट्रेनों में सीटें उपलब्ध नहीं हैं। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, रेलवे ने कई 'होली स्पेशल' ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस समय हर रूट की समीक्षा की जा रही है। मौजूदा स्पेशल ट्रेनों की अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा रही है, और नई स्पेशल ट्रेनों की घोषणा भी की जा रही है। दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (03257/03258) 30 मार्च तक, यह स्पेशल ट्रेन हर रविवार को दानापुर से और हर सोमवार को आनंद विहार टर्मिनल से चलेगी। मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (05219/05220) 28 मार्च तक, यह स्पेशल ट्रेन हर शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से और हर शनिवार को आनंद विहार टर्मिनल से चलेगी। पटना-नई दिल्ली स्पेशल (03293/03294) यह स्पेशल ट्रेन पटना से 30 मार्च तक और नई दिल्ली से 31 मार्च तक रोज चलेगी। धनबाद-शकूर बस्ती स्पेशल (03639/03640) हफ्ते में दो बार चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन धनबाद से सोमवार और शुक्रवार को, और शकूर बस्ती से मंगलवार और शनिवार को 31 मार्च तक चलेगी। शेखपुरा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (03697/03698) हफ्ते में चार दिन चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन शेखपुरा से सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को, और आनंद विहार टर्मिनल से मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार को 31 मार्च तक चलेगी। शेखपुरा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (02397/02398) यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शेखपुरा से हर रविवार को और आनंद विहार टर्मिनल से हर सोमवार को 30 मार्च तक चलेगी। धनबाद-पुरानी दिल्ली स्पेशल (03309/03310) हफ्ते में दो बार चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन 29 मार्च तक चलेगी। धनबाद से मंगलवार और शनिवार को, और पुरानी दिल्ली से बुधवार और रविवार को। सहरसाझआनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (05575/05576) यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सहरसा से बुधवार को और आनंद विहार टर्मिनल से मंगलवार को चलेगी। पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (05579/05580) हफ्ते में तीन दिन चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन 29 मार्च तक चलेगी। पूर्णिया कोर्ट से मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को, और आनंद विहार टर्मिनल से गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को।

## लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस में अब 16 कोच

वरिष्ठ संवाददाता।



**लखनऊ।** लखनऊ और देहरादून के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कोचों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की ओर से जारी सूचना के अनुसार शनिवार 14 मार्च से इस ट्रेन का संचालन 16 कोच के साथ किया जाएगा। अभी तक यह ट्रेन 08 कोच के साथ संचालित हो रही थी। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार गाड़ी संख्या 22545 लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 22546 देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस में 14 मार्च से 08 अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। अभी तक यह ट्रेन 08 कोच के साथ संचालित हो रही थी, जिसे बढ़ाकर अब 16 कोच किया गया है। कोचों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध होंगी और यात्रा में सुविधा मिलेगी। रेलवे के मुताबिक इस ट्रेन में यात्रियों के लिए वातानुकूलित चेयर कार (सीसी) और एग्जीक्यूटिव क्लास (ईसी) कोच की सुविधा उपलब्ध है। दोनों श्रेणियों में आधुनिक सीटें, आनबोर्ड कैटरिंग और बेहतर यात्रा सुविधाएं दी जाती हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू होने के बाद से ही इस रूट पर यात्रियों की अच्छी संख्या देखने को मिल रही है। यह ट्रेन उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच तेज और सुविधाजनक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है। खासकर पर्यटन सीजन, सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान इस ट्रेन में सीटों की मांग काफी बढ़ जाती है। पर्यटकों और नौकरी-पेशा यात्रियों के लिए भी यह ट्रेन लोकप्रिय हो चुकी है।

**कन्फर्म टिकट मिलने में होगी आसानी:** वर्तमान में इस ट्रेन में चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास श्रेणी में टिकट उपलब्ध होते हैं। दोनों श्रेणियों का किराया दूरी और कैटरिंग शुल्क के अनुसार अलग-अलग होता है। सामान्य दिनों में देहरादून से लखनऊ के बीच चेयर कार का किराया लगभग एक से डेढ़ हजार रुपये के आसपास रहता है, जबकि एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया इससे अधिक होता है। रेलवे का मानना है कि कोचों की संख्या बढ़ने से अधिक यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सकेगा और इस लोकप्रिय ट्रेन में यात्रा करना पहले से आसान हो जाएगा।

**दून-नई दिल्ली जनशताब्दी में अतिरिक्त कोच:** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने देहरादून-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 12056 देहरादून-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस में 15 मार्च से 16 मार्च तक एक अतिरिक्त चेयरकार कोच लगाया जाएगा। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 12055 नई दिल्ली-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस में 16 से 17 मार्च तक अतिरिक्त चेयरकार कोच जोड़ा जाएगा। रेलवे के अनुसार इस व्यवस्था से होली के बाद यात्रा करने वाले यात्रियों को सीट उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी। अभी यह ट्रेन 15 कोच के साथ चलती है।

## मार्च के अंत तक फिर पटरी पर लौटेंगी राजधानी सहित तमाम ट्रेनें

**लखनऊ।** रांची और लोहरदगा के बीच ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। ढाई महीने से प्रभावित रांची-लोहरदगा रेलखंड पर मार्च माह के अंत तक ट्रेनों का परिचालन फिर से सामान्य होने की उम्मीद है। भारतीय रेल ने कोयल नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत का काम तेज कर दिया है और इसे अंतिम चरण में बताया जा रहा है। पुल के पिलरों में दरार आने के कारण रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन लोहरदगा और टोरी तक रोक दिया था। इसके बाद कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त दूरी और समय का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत कार्य के दौरान पुल के पिलर संख्या चार और छह के बीच पहले जहां 12 मीटर का गार्डर था, वहां अब 24 मीटर का स्टील गार्डर लगाया गया है। साथ ही पिलर संख्या पांच को हटा दिया गया है, ताकि पुल पर पड़ने वाले भार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। रेलवे के अनुसार स्टील गार्डर हल्का होने के कारण संरचना पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। बाद में पिलर को स्थायी रूप से तैयार कर लिया जाएगा।

**अभी 20 मार्च तक ट्रेनों का रूट डायवर्ट:** मरम्मत कार्य के कारण इस रेलखंड की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को फिलहाल वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है। इन ट्रेनों को टोरी-लोहरदगाझरांची मार्ग के बजाय टोरी-बरकाकाना-मेसरा-टाटीसिलवे होते हुए रांची तक चलाया जा रहा है। इस कारण यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है और यात्रा समय भी बढ़ गया है। इस रेलखंड के बंद रहने से कई प्रमुख ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। इनमें मुख्य रूप से नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस, रांची-नई दिल्ली राजधानी, चोपन-रांची एक्सप्रेस, सासाराम-रांची एक्सप्रेस तथा अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों को निर्धारित मार्ग के स्थान पर बरकाकाना और अन्य स्टेशनों से होकर चलाया जा रहा है।

**सेवा बहाल होने पर यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत:** रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पुल की मरम्मत पूरी होते ही इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन पहले की तरह शुरू कर दिया जाएगा। इससे यात्रियों को फिर से सीधे रांची-लोहरदगा मार्ग से सफर करने की सुविधा मिल सकेगी और ट्रेनों को लंबा घुमावदार रास्ता नहीं लेना पड़ेगा।

संक्षेप

## लापता युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नवीन पानीगांव पुल पर एक लावारिस स्कूटी खड़ी मिली। आशंका जताई जा रही है कि स्कूटी सवार युवक ने यमुना में छलांग लगा दी है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन युवक की तलाश में जुटा है। जानकारी के अनुसार लापता युवक की पहचान 30 वर्षीय विमल के रूप में हुई है। विमल मूल रूप से हाथरस के सादाबाद का निवासी था और वर्तमान में मथुरा के गोविंदनगर इलाके में किराए पर रह रहा था। वह मथुरा के बृजवासी लैंड्स इन होटल में कार्यरत था।

विमल के साथ रहने वाले विजय कुमार ने बताया कि रविवार देर रात विमल किसी से फोन पर बात कर रहा था, जिसके बाद वह स्कूटी लेकर अचानक घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला, उसके बाद मैने जब मैने फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था। सोमवार सुबह पुलिस द्वारा विजय को सूचना दी गई।

# नववर्ष मेला की प्रतियोगिताओं में सैकड़ों बच्चों ने लिया भाग

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति मथुरा प्रतियोगिता विभाग के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के परिणाम और पुरस्कार वितरण 18 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित नवसंवत्सर मेला में दिए जायेंगे।

नवसंवत्सर 2083 (हिंदू नववर्ष) के उपलक्ष्य में नववर्ष मेला समिति के प्रतियोगिता विभाग द्वारा जूनियर और सीनियर वर्ग में मेंहदी, पोस्टर बनाओ और रंग भरो प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें 380 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मेंहदी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में बहनों ने माखन खाते हुए गोपाल जी और सीनियर वर्ग में सिंह पर सवार दुर्गा मां को दशार्ते हुए मनोहारी मेंहदी रचाई गईं। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जल संरक्षण और सीनियर वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर पर मनोहारी पोस्टर बनाकर उनमें रंग उकेरे गए। रंग भरो प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई और सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ० केशव बलिराम हेडगेवार के रेखाचित्र में सुंदर रंग भरे गए। मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी ने बताया कि 17 मार्च को सायं 5 बजे से सामान्य ज्ञान और निबंध प्रतियोगिताएं कृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधव कुंज में होंगी। नवसंवत्सर 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल नववर्ष मेला में रंगोली, रूप सज्जा, लोकगीत, एकल और सामूहिक नृत्य, गायन प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं के परिणाम और पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मंच से दिए जाएंगे। सभी



प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रतियोगिताएं मंत्री डॉ० दीपा अग्रवाल, संयोजक हरवीर सिंह, सह संयोजक दीपेश श्रीवास्तव, राजीव पाठक के निर्देशन में हुई। इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, अनिरुद्ध अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, विशाल रुहेला, समीर बंसल, डॉ० जमुना शर्मा, राजीव कृष्ण, अनुराधा शर्मा, डा० सीमा मिश्रा, रेखा शर्मा, ब्रजनंदन सिंह, वृषभान गोस्वामी, दिनेश सिंह, महावीर सिंह, रुकमपाल, फूलचंद, शुचि अग्रवाल आदि समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनिक सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर भर्ती शिविर आज से 26 मार्च तक


मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा के विभिन्न ब्लॉकों में आज (मंगलवार) 17 मार्च से 26 मार्च तक सैनिक सुरक्षा जवान और सैनिक सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु एस0आई0एस0 सिक्युरिटी इण्डिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा भर्ती शिविर लगाए जाएंगे। भर्ती अधिकारी पी0एन0 मल्लिक ने बताया है कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट, लम्बाई- 167.5 सेमी0 और सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई- 170 सेमी0 व उम्र-19 से 40 वर्ष एवं वजन- 56 से 90 किग्रा होना चाहिए। उन्होंने बताया है कि नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधाएं यथा- पीएफ, ई0एस0आई0, ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लाक स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि एस0आई0एस0 सिक्यूरिटी दिल्ली द्वारा 17 मार्च को मथुरा ब्लॉक, दिनांक 18 एवं 19 मार्च को नौहझील ब्लॉक, 20, 21 मार्च को छाता ब्लॉक, दिनांक 23-24 मार्च को गोवर्धन ब्लॉक तथा 25 एवं 26 मार्च को नंदगांव ब्लॉक में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का है। शिक्षित बेरोजगार अपने मूल दस्तावेज/आवेदन जमा कर सकते हैं।

अभ्यर्थी मथुरा जिले या अन्य जिले का भी हो किसी भी ब्लॉक में भर्ती में शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत लाल किला दिल्ली, ऐम्स हॉस्पिटल दिल्ली, श्री बांके बिहारी मंदिर वृंदावन, अक्षय पात्र, आईआईटी कानपुर, मेट्रो कानपुर, हेल्थ हॉस्पिटल कानपुर, सासनी हाथरस, अलीगढ़, आरएमएल हॉस्पिटल दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट नोएडा, सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एलआईसी ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मैट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8295891474/ 7668126416/ 7838282197 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जर्जर रास्ते से ग्रामीण परेशान दूषित पानी से आवागमन बाधित

ग्रामीणों में बढ़ा रहा आक्रोश

लखनऊ। विकास खंड मोहनलालगंज के परसपुर गांव में कई वर्षों से जर्जर पड़े रास्ते को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। गांव के लोगों ने बताया कि लगभग 100 मीटर लंबा यह रास्ता लंबे समय से बदहाल स्थिति में पड़ा है, जिससे आसपास के कई घरों के लोगों का रोजाना आवागमन होता है। रास्ते के बीचों-बीच हमेशा दूषित पानी भरा रहने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों के अनुसार इस रास्ते से होकर स्कूली बच्चे भी रोजाना विद्यालय जाते हैं, लेकिन गंदा पानी और कीचड़ होने के कारण उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी चुके हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे लोगों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। वर्षों बीत जाने के बावजूद रास्ते की मरम्मत या निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे गांव के लोगों में काफी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। गांव के लोगों का यह भी आरोप है कि पंचायत क्षेत्र के अन्य रास्तों पर तो



आवागमन सुचारू रूप से होता है, लेकिन इस रास्ते की लगातार अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है और उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधि आज तक इस जर्जर रास्ते की स्थिति देखने तक नहीं पहुंचे। इससे लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि केवल वाहवाही लूटने वाले कार्यों पर ही ध्यान देते हैं, जबकि वास्तविक जनसमस्याएं वर्षों से जस की तस बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस रास्ते की समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वे इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाने के लिए मजबूर होंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में वे ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनेंगे जो गांव के विकास, स्वच्छ भविष्य और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम करे। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द जर्जर रास्ते का निर्माण कराया जाए ताकि गांव के लोगों और स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## युवक के मलाशय में फंसी बोतल 75 मिनट चला ऑपरेशन

**आगरा।** मरीज ने बताया कि 36 घंटे से बोतल फंसी है। एक्सरे के बाद विशेष टीम ने करीब सवा घंटे के ऑपरेशन के बाद बोतल को बाहर निकाला। घाव भरने और शौच में किसी तरह की परेशानी नहीं होने पर मरीज डिस्चार्ज कर दिया। आगरा स्थित साकेत कॉलोनी के नवदीप हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर युवक के मलाशय से एक लीटर की प्लास्टिक बोतल बाहर निकाली है। ये 36 घंटे से फंसी हुई थी। ऑपरेशन के बाद मरीज को दर्द से राहत मिली। हालत ठीक होने के बाद मरीज डिस्चार्ज कर दिया है। मरीज ने बताया कि 36 घंटे से बोतल फंसी है। एक्सरे के बाद विशेष टीम ने करीब सवा घंटे के ऑपरेशन के बाद बोतल को बाहर निकाला। घाव भरने और शौच में किसी तरह की परेशानी नहीं होने पर मरीज डिस्चार्ज कर दिया।

ऑपरेशन टीम में डॉ. दीपक, डॉ. भुवेश भी रहे। मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय के निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने बताया कि सेक्सुअल एनल इरोटिसिम (गुदा कामुकता) की स्थिति में लोगों में एचआईवी, हेपेटाइटिस बी समेत अन्य यौन बीमारियों का खतरा रहता है। ऐसे लोगों को विशेषज्ञ से काउंसलिंग से राहत मिल सकती है।

# संस्कृति विवि में विशेषज्ञों ने बतायीं समावेशी शिक्षा की बदलती प्रथाएं

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ रिहैबिलिटेशन ने कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन और देखरेख में "भारत में समावेशी शिक्षाः बदलती प्रथाएँ, नीतियाँ और कानूनी ढाँचा" विषय पर एक सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। एक जोनल-स्तरीय वेबिनार में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें शिक्षक, थेरेपिस्ट और विशेष शिक्षा के प्रतिनिधि शामिल थे।




संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी ने एक न्यायसंगत तथा सुलभ शिक्षा प्रणाली के निर्माण में समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इस प्रणाली के प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

डीन एकेडमिक्स डॉ. रेनू गुप्ता ने स्कूल ऑफ रिहैबिलिटेशन द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को अपने पेशेवर कार्यों में लागू करें, ताकि विविध सीखने की जरूरतों वाले बच्चों को सहायता मिल सके।

इस कार्यक्रम में डॉ. तनुजा, श्री प्रवेश गहलोत, श्री बैरिस्टर सिंह और श्री आलोक कुमार जैसे विशेषज्ञ वक्ताओं ने भाग लिया, जिन्होंने दिव्यांगता और समावेशी शिक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. तनुजा ने दिव्यांग व्यक्तियों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय आयोगों की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रवेश गहलोत ने दिव्यांगता से संबंधित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अधिनियमों के बारे में विस्तार से बताया, और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों तथा अवसरों की सुरक्षा में उनकी भूमिका को स्पष्ट किया।

बैरिस्टर सिंह ने समावेशी शिक्षा की अवधारणा से परिचित कराया, और सभी छात्रों के लिए उनकी क्षमताओं की परवाह किए बिना समान सीखने के अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। आलोक कुमार ने "यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग" पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी, जिसमें विविध शिक्षार्थियों के लिए लचीली शिक्षण रणनीतियों और सुलभ शिक्षण वातावरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन एक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने वास्तविक कक्षा परिवेश में आने वाली चुनौतियों को साझा किया और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। उपस्थित लोगों ने सत्रों की स्पष्टता की सराहना की और कार्यक्रम के दौरान साझा किए गए व्यावहारिक संसाधनों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की। सीआरई कार्यक्रम के आयोजकों ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों और देखभाल करने वालों को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए, आने वाले महीनों में इस तरह की और भी प्रशिक्षण पहलें आयोजित की जाएंगी।

## दुगार्पुरी मे खाली पडे प्लाट मे लगी आग

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली की मवैया चौकी अन्तर्गत दुगार्पुरी मोहल्ले मे सोमवार को एक खाली पडे प्लाट मे पडे कूडे के ढेर मे आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया वही आग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से जल छिडकाव कर आग पर काबू पा लिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कूडे के ढेर मे आग लगी थी जिसपर काबू पा लिया गया है इस आग से कोई जनहानि नही हुई है।

## ताजमहल पर मधुमक्खियों के झुंड से दहशत में आ गए पर्यटक, मुंह और सिर ढक कर दौड़े

**आगरा।** ताजमहल का दीदार करने आए पर्यटक रविवार को दहशत में आ गए। सिर और मुंह ढककर दौड़ने लगे। स्मारक में अफरातफरी मच गई। ताजमहल के दीदार को आए पर्यटकों के लिए रविवार की दोपहर दहशत भरी रही। मुख्य मकबरे के पास अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने पर्यटकों पर हमला बोल दिया। हमले से स्मारक परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे जब स्मारक में पर्यटकों की काफी भीड़ थी, तभी मुख्य मकबरे के पास स्थित मेहमान खाने की ओर से मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड अचानक उड़ने लगा। देखते ही देखते मधुमक्खियों ने वहां मौजूद पर्यटकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए सैलानी अपने सिर को कपड़ों से ढककर भागने लगा।

हमले के कारण मुख्य प्लेटफार्म और मेहमान खाने के आसपास भगदड़ जैसे हालात बन गए। विदेशी और देशी पर्यटक अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। कई पर्यटकों को मधुमक्खियों ने काट लिया, जिससे उन्हें दर्द और सूजन की शिकायत हुई। वहां तैनात एएसआई के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी सक्रिय हुए। पर्यटकों को तुरंत उस प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा गया।

## तनाव के चलते युवती ने लगाई फांसी,

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रविवार शाम एक युवती ने अपने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। भाई ने बहन को फंदे से लटका देख परिजनों के साथ बहन को फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। कृष्णा नगर के न्यू सरदारी खेड़ा में रहने वाली भूमिराज (25) पुत्री रामलखन रविवार को अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से फंदा बना लटक गई। शाम करीब 5 बजे छोटे भाई राहुल ने बहन को फंदे से लटका देख तो चीख पुकार मचाने लगा आनन फानन में परिजन पुत्री को फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने सोमवार को मृतक युवती को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पांच बहन दो भाइयों में दूसरे नंबर पर थी। परिजन के अनुसार मृतका कई दिनों से डिप्रेशन में चल रही थी।

## फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 41,180 रुपये

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक व्यक्ति का जालसाजों ने मोबाइल फोन हैक कर उसके क्रेडिट कार्ड खाते से तीन बार मे 41180 रुपए पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के आशुतोष नगर निवासी विनोद कुमार राय के मुताबिक बीते 16 फरवरी को उनके मोबाइल नंबर से जुड़े क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के कई अनधिकृत लेन-देन कर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 41,180 रुपये निकाल लिए गए। वही पीडित का कहना था उन्होंने किसी को भी अपना ओटीपी या कार्ड की जानकारी साझा नहीं की। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत बैंक की ग्राहक सेवा से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करवा साइबर सेल सहित स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के लिए हुई 12 रजिस्ट्रियां

मथुरा। वृंदावन ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या और व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी सीपी सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित हाई पावर्ड कमेटी की देखरेख में मंदिर के आंतरिक और बाहरी विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। डीएम ने बताया कि मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए जमीन खरीदने की प्रक्रिया जारी है। अब तक कुल 25 लोगों ने अपनी सहमति देते हुए 12 रजिस्ट्रियां प्रशासन के पक्ष में कर दी हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्गमीटर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थानीय दुकानदारों की दुकानें कॉरिडोर की जद में आएंगी, उन्हें कॉरिडोर के भीतर ही प्राथमिकता के आधार पर नई दुकानें बनाकर दी जाएंगी। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए मंदिर के आंतरिक परिसर में नई रेलिंग लगाई गई है, जिससे धक्का-मुक्की की समस्या में कमी आई है।

जिलाधिकारी के अनुसार, शनिवार और रविवार को उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए दर्शन का समय भी बढ़ाया गया है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि वर्तमान व्यवस्था भीड़ को पूरी तरह नियंत्रित करने में कभी-कभी अपर्याप्त साबित होती है, इसीलिए कॉरिडोर निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जा रही है।

प्रशासन द्वारा शुरू की गई लाइव स्ट्रीमिंग को अब तक 50 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं, जिससे लोग घर बैठे दर्शन कर पा रहे हैं। वहीं मंदिर के अंदर अव्यवस्था के आरोपों पर डीएम ने कहा कि जब सुरक्षाकर्मी भीड़ को व्यवस्थित करने का प्रयास करते हैं, तो कुछ लोग भ्रामक वीडियो बनाकर अव्यवस्था का आरोप लगाते हैं, जो कि वास्तविकता से परे है।

# प्राकृतिक आपदा में बचाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया जिला स्तरीय मॉक अभ्यास

**फिरोजाबाद।** कलैक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल एन0डी0आर0एफ0 और राज्य आपदा मोचक बल एस0डी0आर0एफ0 के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया, यह अभ्यास मुख्य रूप से जनपद में भुकम्प जैसी प्राकृतिक आपदा के समय तत्काल राहत और बचाव कार्यों की प्रभावशीलता को परखने के लिए आयोजित किया गया था, मॉकड्रिल के दौरान एक काल्पनिक भुकम्प की स्थिति निर्मित की गयी, जिसके तहत मलवे में दबे लोगों को निकालने, घायलों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने और आपदा के समय



विभिन्न विभागो के बीच बेहतर तालमेल बिठाने का प्रदर्शन किया गया, भुकम्प के साथ-साथ अन्य आकस्मिक परिस्थितियों जैसे अग्निकांड और जल भराव से निपटने के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया, ताकि किसी भी जटिल आपदा में जन धन की हानि को कम किया जा सके, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, बीएसए आशीष पाण्डेय सहित जिला आपदा के विशेषज्ञ और हॉमगार्ड के जवान उपस्थित रहें, अभ्यास के समापन पर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा ने सभी विभागों के समन्व्य की सराहना करते हुए कहा कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उददेश्य आपदा के समय रिस्पॉन्स टाइम या प्रतिक्रिया समय को कम करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्व्य को पुख्ता करना है, भुकम्प जैसी आपदा अनपेक्षित होती है।

इसलिए एन0डी0आर0एफ0 और एस0डी0आर0एफ0 के साथ मिलकर किया गया यह अभ्यास हमें वास्तविक संकट के समय जान माल के नुकसान को न्यूनतम करने में मदद करेगा।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग और एन0डी0आर0एफ0 व एस0डी0आर0एफ0 की टीमों ने मिलकर इस मॉकड्रिल को सम्पन्न किया।

## दबंगों संग बेटी के ससुराल पहुंच पिता ने विधवा समधन समेत परिवारजन पर किया हमला

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में तीन दिन पूर्व अर्धरात्रि समय एक पिता ने दबंगों के साथ अपनी बेटी के ससुराल पहुंच जमकर तांडव किया विधवा समधन को पीटा असलहा और लाठी लैंड से लैस दबंग घर में घुस उत्पात मचाए कंट्रोल नंबर पर सूचना देने पर पिता अपनी पुत्री और अन्य दबंगों के साथ अपनी गाड़ी से मौके से फरार हो गए। आलमबाग के विशेश्वर नगर मोहल्ले में रहने वाली बुजुर्ग विधवा शीला त्रिपाठी पत्नी स्व आरए त्रिपाठी की माने उनकी छोटी बहु शिवांगी मिश्रा के पिता ब्रह्म प्रकाश मिश्रा और उनकी पत्नी नंदिनी मिश्रा थार गाड़ी से पांच अन्य लोगों के साथ 12 मार्च की रात्रि करीब 12:30 बजे उनके घर पहुंचे थे दरवाजा खोलते ही उनके समधी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उनकी पिटाई करने लगे शोरगुल सुन बड़ी बहु हर्षा त्रिपाठी बीच बचाव करने पहुंची तो दबंग लाठी चाकू और बंदूक लेकर उनके घर में घुस गए और धमकी देते हुए जमकर उत्पात मचाया जिसपर उनलोगों ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दिया तो उनकी बहु के पिता अपनी पुत्री को साथ में लेकर अपने सभी साथियों के साथ थार गाड़ी से निकल गए पीड़िता ने कृष्णा नगर थाने पर नामजद शिकायत की है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पीके सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपित रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# तीन दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौके पर मौत

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज के गांव सराय शेख से शिकोहाबाद ईद की शॉपिंग करने बाइक से निकले तीन दोस्तों को नौशेरा गांव के समीप हाईवे पर तेज गति से आ रहे अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया घटना के बाद दो दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई लोगों का आरोप था की आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची थी हाइवे पर घायल दर्द से तड़पता रहा। वहां से गुजर रहे एक ई रिक्शा से घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में लाया गया। थाना सिरसागंज के गांव सराय शेख समस्त निवासीगण उवेश 14 पुत्र अकरम, अनस 15 पुत्र शकील पहलवान, अरहान 16 पुत्र अकील एक ही गांव में रहते हैं और यह तीनों पुराने दोस्त थे। सोमवार दोपहर 2 बजे ईद के लिए अरहान अपने दोस्त उवैस और अनस के साथ मोटरसाइकिल से शिकोहाबाद कपड़ों की खरीदारी करने के लिए निकले थे। लोगों ने बताया कि तीनों दोस्त अपनी बाइक से प्रहलाद राय टीकमानी फैक्ट्री के सामने बने कट पर गाड़ी को गलत दिशा की तरफ ले जा रहे थे कि तभी फिरोजाबाद की तरफ से आ रहे एक तेज गति से अज्ञात ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया घटना के बाद पीछे बैठा उवेश काफी दूर उछलकर दूसरी सड़क पर जा गिरा और दो दोस्तों को रौंदता हुआ ट्रक चालक अपना ट्रक लेकर फरार हो गया घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। करीब आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद ले गई। वही 108 एंबुलेंस ना पहुंचने पर घायल को वहां से गुजर रहे एक ई रिक्शा से शिकोहाबाद अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसको गंभीर अवस्था में फिरोजाबाद के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद तीनों बच्चों के परिजन शिकोहाबाद अस्पताल पहुंचे वहां हर कोई परिजन अपने अपने बेटे को देखने के लिए व्याकुल हो रहे थे लेकिन उन्हें क्या पता था जिन्हें वह ढूंढ रहे हैं वह लोग अब मौत के गाल में समा गए है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ था मृतकों के परिजनों ने बताया कि मृतक अरहान घर का इकलौता चिराग था वही अनस दो भाई थे। अरहान के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## नवविवाहित दंपती समेत 7 घायल

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चालक को झपकी आने से कार ट्रक में जा घुसी, जिसमें नवविवाहित दंपती समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों में भाभी और चार माह के मासूम की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार को एक कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। हादसे में नवविवाहित दंपती समेत 7 लोग घायल हो गए।

नसीरपुर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। यहां मां-बेटे की हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। क्षितिज गुप्ता (30) निवासी पाला चकिया, थाना कछवा (जिला मिजार्पुर) की दस दिन पहले आगरा में साक्षी गुप्ता (26) से शादी हुई थी। शादी के बाद दसवीं की विदा कराकर रविवार को वह पत्नी साक्षी गुप्ता, भाई विवेक गुप्ता, मां अनीता गुप्ता, भाभी संतोषी गुप्ता और विवेक के चार माह के बेटे आरव गुप्ता के साथ कार से आगरा से बनारस जा रहे थे। कार को क्षितिज गुप्ता ही चला रहा था। जब कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र में किमी. संख्या 56 के पास पहुंची। तभी कार चला रहे क्षितिज गुप्ता को अचानक झपकी आ गई।

इससे कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। जिनमें कार चालक की भाभी संतोषी गुप्ता और उनका चार माह का बेटा आरव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही यूपीडा और नसीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर मां-बेटे को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## जहर दिया, फिर भी न हुई मौत तो दबा दिया गला

आगरा। बहू और उसके दूसरे पति पर विधवा सास को जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगा है। आरोप है कि पहले खाने में जहरीला पदार्थ मिलाया और जब महिला बच गई तो गला दबाकर मारने की कोशिश की। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर छत्ता थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जीवनी मंडी स्थित जोंस मिल लाइन निवासी शीला ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थनापत्र दिया। बताया कि वह नगर निगम में कार्यरत थीं। वर्ष 2000 में बेटे की मृत्यु होने पर उसकी पत्नी आरती घर छोड़कर चली गई और अमर नाम के व्यक्ति से विवाह कर लिया। वर्ष 2020 में आरती अपने पति अमर के साथ वापस आकर उनके घर में जबरन रहने लगी। आरोप है कि दोनों मकान पर कब्जा करना चाह रहे थे। शीला के अनुसार, 15 अक्तूबर, 2025 को आरती और उनके खाने में जहरीला पदार्थ मिलाया। उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।

## ऑनलाइन जीएसटी अपील में आ रही समस्याओं पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन




लखनऊ। यूपी जीएसटी अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन की ओर से लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित क्राऊन प्लाजा मे सोमवार को ऑनलाइन फाइलिंग ऑफ जीएसटी अपील्स में व्यावहारिक अवरोध एवं चुनौतियों के समाधान विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए कर पेशेवरों और अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और जीएसटी अपील से जुड़े व्यावहारिक, विधिक तथा तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार सौरव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत अपीलीय तंत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी अपीलीय अधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

संक्षेप

## छापेमारी में तीन सिलेंडर बरामद

देवरिया। द्रपुर मार्ग पर स्थित अनुश्री उत्सव स्थल के पास शनिवार तड़के प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग का मामला पकड़ा।टीम ने मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, पाइप व कटिंग नोजल बरामद किए।क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक सन्नी देवल, गौरव शुक्ला व अन्य अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अछेबर पुत्र स्व. रामवृक्ष प्रसाद द्वारा पुराने वाहनों के पाट्र्स की कटिंग के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था।मौके से इंडेन के दो और एक अतिरिक्त घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें गैस भरी हुई थी। टीम द्वारा संबंधित व्यक्ति से सिलेंडरों के संबंध में कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।अधिकारियों के अनुसार घरेलू गैस गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है।

# संगठन सेवा और समर्पण ही भाजपा का मूल मंत्र : सूर्य प्रताप शाही




**देवरिया।** रविवार, पथरदेवा विधानसभा के बैतालपुर मंडल के ब्लाक सभागार में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया।प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर वर्गों का उद्घाटन किया।इस अभियान के तहत सात सत्रों की कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप के कुशलतापूर्वक संचालन के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान कृषि मंत्री ने संगठन, सेवा और समर्पण के प्रति कार्यकताओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। यह वर्ग सात सत्रों में सम्पन्न हुआ जिसमें इतिहास, कार्य पद्धति, आधुनिक तकनीकी जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ।

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में एआई टूल्स के उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभावी संचालन और बूथ प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्य को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाया जा सके।इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविरों में कार्यकताओं के रात्रि विश्राम को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे आपसी समन्वय और संगठनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया जा सके।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यकताओं में विचारधारा की स्पष्टता लाना, संगठन को मजबूत करना और उन्हें जनसेवा के लिए अधिक सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान कार्यकताओं को आधुनिक तकनीकों से भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने इस अभियान को संगठन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कार्यकताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा।उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण अभियान को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ अपनाएं और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा नेता अवधेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अभिषेक राय अंकुर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय मीडिया सह संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑटोवॉक कंपनी ने लगाया शिविर

मथुरा।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विशाल कुमार ने अवगत कराया है कि सोमवार सांसद कार्यालय राजीव भवन प्रांगण में सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के सहयोग से दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु ऑटोवॉक कंपनी द्वारा शिविर लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में परियोजना निदेशक ए० के० उपाध्यक्ष एवं विशाल कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, रमेश सिंह जॉइंट कमिश्नर जीएसटी, चंचल पालिया शाखा प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक, शशांक आंधिवाल असित शंकर भानु प्रताप, अमन शर्मा, ऑटोवॉक से धनंजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

शिविर में लगभग 40 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया, जिनको अगले चरण में जर्मन तकनीक से बने कृत्रिम अंग निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

## रफ्तार का कहर: सड़क हादसे में दो पत्रकारों की मौत, परिवारों में मचा कोहराम

**कुशीनगर।** सड़क हादसे में जनपद के दो पत्रकार धनंजय पाण्डेय और शंभू मिश्रा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथ कार में सवार दो अन्य साथी रमन और सुदेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हृदयविदारक हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार पत्रकार धनंजय पाण्डेय और शंभू मिश्रा अपने साथियों रमन और सुदेश के साथ मारुति वैगनआर कार से लखनऊ से पडरौना आ रहे थे। इसी दौरान गोरखपुरझसंतकबीरनगर बॉर्डर के समीप उनकी कार भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही धनंजय पाण्डेय और शम्भू मिश्रा की मौत हो गई, जबकि रमन और सुदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया, जहां रमन और सुदेश का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घरों में कोहराम मच गया। परिजन और शुभचिंतक रो-रोकर बेहाल हैं। जिले के पत्रकार और सामाजिक संगठनों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार या वाहन के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है।

## ब्लॉक स्तरीय एचपीवी वैक्सीन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**कसया, कुशीनगर।** महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए और इसके प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय 'एचपीवी वैक्सीन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि सीएचसी अधीक्षक कसया डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। एचपीवी वैक्सीन एक जीवन रक्षक उपाय है जो महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा को कैंसर से बचाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के हर स्तर तक सुरक्षित और प्रभावी टीकाकरण पहुंच सके। जिला प्रतिराक्षण अधिकारी डा मुकेश यादव ने बताया कि 14 वर्ष की बालिकाओं का सही समय पर टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर के खतरे को 90 प्रतिशत तक कम कर सकता है। ?तकनीकी सत्र में वैक्सीन के स्टोरेज (कोल्ड चेन मैनेजमेंट), डोज की मात्रा और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विस्तृत जानकारी दी गई। समुदाय में वैक्सीन को लेकर फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए संचार कौशल पर सत्र आयोजित हुआ। इस दौरान एआरओ रत्नेश यादव, बी सी एम प्रकाश सहित समस्त एएनएम उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 को लेकर तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण सम्पन्न



**मथुरा।** जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए स्थानीय बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय 2 बैच का प्रशिक्षण दिनांक 13 से 15 मार्च, 2026 की अवधि में संपन्न हुआ। उपर्युक्त प्रशिक्षण के साथ-साथ फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में भेजकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि प्रैक्टिकल कार्य पूर्ण दक्षता के साथ संपन्न हो सके।फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना तथा उन्हें दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के प्रारंभ में जिला कार्यालय मथुरा की ओर से इस प्रशिक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी श्री अखिलेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर द्वारा जनगणना में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण की समाप्ति के अवसर पर जिला कार्यालय मथुरा के जनगणना सेल की प्रभारी श्रीमती दीपिका मेहर, एसडीएम द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण मैं दी गई जानकारी को जनपद के सभी सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को उक्त अनुसार प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए गए.

प्रशिक्षण के दौरान लखनऊ से आये जिला प्रभारी मृगेन्द्र बहादुर सिंह, सह जिला प्रभारी अभिषेक पांडेय एवं मास्टर ट्रेनर विजय कुमार सारस्वत, अशोक कुमार, मनोज कुमार द्वारा फील्ड ट्रेनरों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एंट्री और डेटा सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग दी गई। साथ ही प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और धारित संपत्ति आदि) के बारे में भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

प्रशिक्षण के संबंध में संपूर्ण व्यवस्थाओं के दायित्वो का निर्वहन कपिल यदुवंशी जनगणना लिपिक मथुरा द्वारा किया गया। दूसरे चरण के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के अंतिम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 23 से 25 मार्च 2026 की अवधि में संपन्न होगा।

# नए सत्र में हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए जुट जाएं शिक्षक: अनिल यादव

देवरिया। आगामी 1 अप्रैल से प्रदेश में नया शैक्षिक सत्र और ह्लस्कूल चलो अभियानह्व शुरू होने जा रहा है। ऐसे में हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षकों को अभी से मनोयोग के साथ कार्य में जुट जाना चाहिए। यह बातें शिक्षक भवन में आयोजित शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के प्रदेश संयोजक एवं उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चे रहेंगे तभी तक शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित है, इसलिए शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझें। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं और देश का भविष्य उनके हाथों में है। नए सत्र में 6 से 14 वर्ष तक के अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए शिक्षकों को घर-घर जाकर अभियान चलाना होगा। उन्होंने बताया कि अब बच्चों का प्रवेश आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र के बिना भी संभव होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कराना है, जो किसी कारणवश स्कूल से दूर हैं या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं। इस बार उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग शून्य ड्रॉपआउट दर के लक्ष्य पर काम कर रहा है।उन्होंने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 तथा एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किया जाना न्यायसंगत और समय की मांग है।

शिक्षक समाज इस मुद्दे को लेकर एकजुट होकर अपनी आवाज उठा रहा है और इस विषय पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री फणीन्द्र मणि ने बताया कि देसही, तरकुलवा, बैतालपुर और देवरिया ब्लॉक के शिक्षकों ने ह्लशिक्षक की पातीह्व अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड और ई-मेल के माध्यम से अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि अब तक 1280 डाक पत्र भेजे जा चुके हैं और जो शिक्षक किसी कारण से पत्र नहीं भेज पाए हैं, वे शनिवार तक अवश्य भेज दें। यह अभियान 22 मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गेना यादव ने कहा कि शिक्षकों और शिक्षामित्रों की समस्याओं पर अधिकारी पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल्द ही एक शिष्टमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराएगा।बैठक की अध्यक्षता जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष हेमा त्रिपाठी ने की तथा संचालन विशुनदेव प्रसाद ने किया।

## आरपीएन की पहल: कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान का सपना होगा साकार



**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से नियमित उड़ान का सपना अब साकार होने जा रहा है और शीघ्र ही उड़ान सेवा चालू होगी। सोमवार को राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी. एन .सिंह के निवेदन पर केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कुशीनगर एयरपोर्ट से शीघ्र उड़ान का आश्वासन दिया।विदित हो कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ और पर्यटकीय महत्व को देखते हुए कुशीनगर के कसया में 327 करोड़ की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तबसे यह एयरपोर्ट और रनवे उड़ान न होने से वीरान पड़ा है। राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी. एन .सिंह के निवेदन पर केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कुशीनगर एयरपोर्ट से शीघ्र उड़ान की मांग की। जिसपर उन्होंने एयरपोर्ट से शीघ्र उड़ान का आश्वासन दिया। जिससे जनपद की जनता में खुशी का माहौल है। कुशीनगर वासियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद श्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कृषक सामग्री वितरण आयोजित

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर - एनआईपीबी), नई दिल्ली, के तत्वावधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत सोमवार को बेलवा पलकधारी में किया गया क

नई दिल्ली से आए वैज्ञानिक डॉ. आशीष कुमार, डॉ. महेश राव एवं डॉ. युवराज आई. ने अनुसूचित जाति उपयोजना के बारे में विस्तृत में जानकारी दी और संस्थान में चल रही विभिन्न शोध परियोजनाओं के बारे में विस्तृत से बताया और किसानों को अवगत कराया की संस्थान के वैज्ञानिक दिन-रात एक करके किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए शोध में लगे हुए हैं कउदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पडरौना से डॉ. विवेक कुमार तथा बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरिया से डॉ. राम प्रीत मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के उपयोग, फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में बताया कि नई कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। किट बैग में जैविक उर्वरक, उर्वरक, सब्जियों के बीज,धान के बीज तथा आम, लीची और अमरूद के पौधे किसानों को दिए गए।साथ ही किसानों को कृषि कार्य में उपयोगी कृषि उपकरण जैसे हंसिया, खुरपी एवं फावड़ा भी प्रदान किए गए और 10 प्रगतिशील किसानों को उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और वैज्ञानिकों से निरंतर संपर्क बनाए रखें, जिससे खेती की उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। संचालन जयप्रकाश मणि त्रिपाठी ने किया। रमेश ज्ञापित किया। कार्यक्रम में 210 से अनुसूचित जाति समुदाय के किसान, जिनमें महिला किसान भी शामिल थीं सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सपा की राजनीति पर साधा निशाना, गांव विकास व कौशल विकास पर दिया जोर

देवरिया। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए क्या है, समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति समाजवाद के बजाय जातिवाद तक सिमट गई है और यदि किसान जातियों में बंटे तो उनकी आवाज कमजोर हो जाएगी। श्री चौधरी रविवार को शहर के चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल की जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जयंत चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और स्व. चौधरी अजीत सिंह ने ग्रामीण समाज को जातिवाद व कुरीतियों से मुक्त करने का कार्य किया। उन्होंने ग्रामीण विकास, कौशल विकास और उद्यमिता पर जोर देते हुए कहा कि एनडीए सरकार गांवों में निवेश बढ़ाने में कम कर रही है। जबकि राष्ट्रीय लोकदल उनकी नीतियों पर चलकर पार्टी को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार देने के लिए समूह बनाए जाएंगे और इसके लिए केंद्र सरकार ने 60 हजार करोड़ रुपये का इंतजाम किया है। जयंत चौधरी ने नई दिल्ली में हुए एआई सम्मेलन में विपक्ष के कृत्यों की भर्त्सना की और कहा कि विरोध जंतर मंतर पर भी जताया जा सकता है।उन्होंने यह भी याद दिलाया कि राष्ट्रीय लोकदल ने चुनाव में चार सौ पार का नारा दिया था और आज उत्तर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार चार सौ पार गन्ने की कीमत दे रही है। सभा को प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी, पूर्व विधायक डॉ. सत्य प्रकाशमणि त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। संचालन क्षेत्रीय संगठन महासचिव विपिन श्रीवास्तव ने किया। वही इस दौरान जिलाध्यक्ष रमाशंकर चौहान सहित अन्य नेताओं ने ताकत से शिरकत किया।

## वैकल्पिक घरेलू ईंधन की पूर्ति पशुपालन से संभव : निशाकान्त तिवारी

देवरिया। आज जब अमेरिका ईरान युद्ध के कारण भारत में घरेलू ईंधन के लिए एलपीजी गैस की समस्या उत्पन्न हो गई तब पुनः घरेलू ईंधन के वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सोचने की आवश्यकता है। इस संबंध में पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने बताया कि विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में घरेलू ईंधन की पूर्ति में पशुपालन एक महत्वपूर्ण और टिकाऊ भूमिका निभा सकता है। यह न केवल ऊर्जा का सस्ता स्रोत प्रदान करता है, बल्कि एलपीजी जैसे पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता भी बढ़ाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के गोबर का उपयोग मुख्य रूप से उपले बनाने में किया जाता है, जो खाना पकाने के लिए ईंधन का एक प्रमुख और सस्ता स्रोत है।पशुओं के गोबर का उपयोग बायोगैस प्लांट के माध्यम से जैव-ईंधन के रूप में किया जा सकता है। यह स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे रसोई में धुआं नहीं होता और खाना पकाने, सब्जियां पकाने व रोटियां बनाने में इसका उपयोग होता है। गोबर गैस संयंत्रों से रसोई तक पाइप के माध्यम से ईंधन पहुँचता है, जिससे गैस सिलेंडर पर खर्च कम होता है। यह पशु अपशिष्ट (गोबर) के कुशल प्रबंधन का एक तरीका है, जो पर्यावरण को साफ रखने के साथ-साथ उपयोगी ऊर्जा प्रदान करता है। बायो गैस प्लांट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता है जो ईंधन सुरक्षा प्रदान करने में एक आत्मनिर्भर प्रणाली के रूप में कार्य कर सकता है।

# कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हैं प्रशिक्षण: विधायक



**कुशीनगर।** फाजिलनगर स्थित संस्कार सेंट्रल एकेडमी के प्रांगण में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के समापन सत्र में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने तुर्कपट्टी एवं चौरा मंडल के भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया।

विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। पार्टी का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पित सेवक होता है। संगठन समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त और सक्रिय बनाने का कार्य करता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए कार्यकताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा की भावना पहुंचानी चाहिए। ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम कार्यकताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और समर्पण की भावना का संचार करते हैं, जिससे संगठन और अधिक मजबूत बनता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और आयोजकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव होती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकताओं को विचारधारा और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को समझने का अवसर देते हैं। जिससे वे समाज के बीच बेहतर ढंग से काम कर सकें। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन के सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, जिला महामंत्री संतोष दत्त राय, राजेश्वर सिंह, राजेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्षगण शेषनाथ मिश्र, महेंद्र शर्मा, अमिताभ मिश्रा, विपीन बिहारी श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी ह्यबिट्टूह्ण, सरिता मिश्रा, बर्षा तिवारी, रम्भा पांडेय, सुचिता शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ तहसीलदार के कार्यालय पर भाकियू ने की किसान पंचायत

जिला संवाददाता



**देवरिया।** जिले में हो रही रसोई गैस की किल्लत ,सदर तहसील में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार, आय जाति निवास प्रमाण पत्र में विलम्ब होने, दफा 24 या किसी भी प्रकार की पैमाईश बिना रुपए लिए नहीं करने, अंश निर्धारण में हुई त्रुटि को सही करने समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा देवरिया सदर तहसीलदार कार्यालय पर किसान पंचायत लगाई गई। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि जनपद में रसोई गैस के लिए चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ हैं। एजेंसी मालिक मनमाना कर हैं और प्रशासन लाचार बना हुआ हैं जिसके कारण गरीब वर्ग बहुत ही परेशान हैं। श्री सिंह ने कहा कि एजेंसी मालिकों पर शिकंजा कसना जरूरी हैं। भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि देवरिया तहसील में तहसील कर्मियों द्वारा बिना रुपए लिए वरासत नहीं किया जा रहा एवं अंशनिर्धारण में सुधार नहीं किया जा रहा हैं जिससे किसानों को बहुत ही परेशानी हो रही हैं। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि किसी भी प्रकार की सामान्य पैमाईश हो या दफा 24 की कच्ची नापी हो या पक्की नापी हो बिना रुपए लिए राजस्व कानूनगो कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। श्री शाही ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसानों को जागरूक करके आने वाले समय में तहसील में बड़ी पंचायत लगाई जाएगी।पंचायत के अन्त में तहसीलदार के के मिश्र आए, भाकियू नेताओं से वार्ता किए तथा 6 सूत्रीय ज्ञापन लिए। पंचायत में मण्डल संयोजक शहीद ख्वाजा मंसूरी जिला संयोजक सदानंद यादव जिला महासचिव धनंजय सिंह जिला सलाहकार मदन चौहान जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह युवा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव सत्याग्रह सरोज लल्लन कुशवाहा नियाज अहमद दुखी प्रसाद बृजेश सिंह विजय चौरसिया उमाशंकर सिंह शेषनाथ सिंह हदीश अंसारी सत्य नारायण कुशवाहा रामधनी प्रजापति महेन्द्र सिंह राजेंद्र सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन व वृद्धजनों को 98 सहायक उपकरण वितरित, 17-18 मार्च को पुनः लगेगा शिविर

**देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया, जिला प्रशासन तथा चन्द्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज, देवगांव (गौरीबाजार) के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर की संस्था के सहयोग से दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 98 उपकरण वितरित किए गए, जिनमें ट्राईसाइकिल, बैसाखी, छड़ी, वॉकिंग स्टिक तथा कृत्रिम हाथ-पैर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय मनोज कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल (मध्य प्रदेश) तथा अतिथि के रूप में माननीया शैलजा मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया, प्रियंका चौधरी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी देवरिया एवं खंड विकास अधिकारी गौरीबाजार मौजूद रहे।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने यह भी बताया कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 17 व 18 मार्च 2026 को चन्द्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज, देवगांव (गौरीबाजार) में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ट्राईसाइकिल, बैसाखी, छड़ी, वॉकिंग स्टिक तथा कृत्रिम हाथ-पैर जैसे उपकरणों के लिए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं वितरण किया जाएगा। जिन लोगों के हाथ या पैर कटे हैं, उनके लिए मौके पर ही कृत्रिम अंग लगाने की व्यवस्था भी रहेगी।

संक्षेप

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार संग 5 लोग घायल

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के सिधौली मिश्रिख मार्ग पर लौली पुलिया के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो मोटरसाइकिलें चपेट में आ गईं। हादसे में अपाचे और स्प्लेंडर बाइक पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आशिफ निवासी अमेठी, राहुल पुत्र राम गुलाम निवासी मारिया मिश्रिख, सलमान निवासी गरसा मिश्रिख, राजा राम पुत्र रघुनंदन तथा एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची संदना पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने ट्रक सहित दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## निपुण बच्चों व शिक्षकों का सम्मान

सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र महोली परिसर में सोमवार को ह्यहमारे आँगन-हमारे बच्चेह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालवाटिका और कक्षा 1 के बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना रहा। इस दौरान बालवाटिका एवं कक्षा 1 के निपुण बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों, नोडल टीचरों एवं संकुल शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा ने किया। इस अवसर पर एआरपी आलोक मिश्र, अरविंद कुमार, सैय्यद फरीद, गोबिंद कुशवाहा, संतोष निषाद, विशाल सिंह, शैलेंद्र अग्निहोत्री, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अनामिका यादव, शिवानी गुप्ता, गुरप्रीत कौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन किनारे मिला युवक का शव

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पकरिया चैराहा और महमूदाबाद के बीच रेलवे लाइन के पास मकानों के बीच बने एक टैंक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नितीन सिंह उर्फ दिव्यास (28) पुत्र संतोष सिंह निवासी संत नगर पूर्वी के रूप में हुई है। शव मिलने की खबर से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक नशे का आदी था और अक्सर इलाके में घूमता दिखाई देता था। हालांकि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो।

## चोरों ने एक रात में कई दुकानों के ताले चटकाये

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर कस्बे में रविवार रात चोरों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिससे पूरे बाजार में दहशत फैल गई। बेखौफ बदमाशों ने एक के बाद एक कई दुकानों को निशाना बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। जानकारी के अनुसार, चोरों ने परवेज आलम की कपड़े की दुकान का शटर और ताला तोड़कर अंदर घुसपैठ की। यहां से करीब 25 से 30 हजार रुपये की नकदी के साथ हजारों रुपये कीमत के कपड़े चोरी कर लिए गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो टूटा ताला देखकर उसके होश उड़ गए। चोरों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका। करीब 500 मीटर दूर स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की गई। इस दौरान वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया, हालांकि कुछ गतिविधियां कैमरे में कैद होने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा करीब 100 मीटर दूरी पर एक मोबाइल शॉप का ताला भी टूटा मिला, जिससे साफ है कि चोर पूरी तैयारी के साथ इलाके में घूम रहे थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौशालाओं में हों बेहतर इंतजाम, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



जिला संवाददाता

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में पन्ना लाल सभागार में गौ वंश के संरक्षण भरण पोषण के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा किया और अनुपालन को शतप्रप्रति सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

पूर्व बैठक में दिए गए निदेशों में राष्ट्रीय राजमार्ग व सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौ वंशों को सम्बन्धित गौशाला में संरक्षण न किए जाने, मरे हुए जानवरों के लिए मृत पंजिका अपडेट न किए जाने व गौ वंश के रखरखाव संरक्षण भरण पोषण के दृष्टिगत खंड विकास अधिकारी और उपजिलाधि कारी की संयुक्त बैठक न किए जाने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाई और विकासखंड नवाब गंज को छोड़कर तत्काल प्रभाव से सभी खंड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया। इसी प्रकार गौवंश के संरक्षण भरण पोषण रखरखाव के दृष्टिगत विकासखंड औरास में आ रहा है ज्यादा शिकायतों पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को चेतावनी देकर दो माह में सुधार किए जाने के निर्देश दिया। कहा कि यदि सुधार न हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पशुओं को भूसा हरा चारा खली चोकर सहित अन्य उत्तम पोषाहार उपलब्ध करा कर पशुओं का स्वास्थ्य सुधार किए जाने संबंधित विषय पर प्रेजेंटेशन भी जिला अधिकारी ने देखा जिसको सभी विकास खंडों में लागू करने की बात कही। जिलाधिकारी ने जमीन का चिन्हाकन कर प्राथमिकता के साथ हरे चारे के लिए मक्का ज्वार नेपियर घास की बुवाई किए जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिए। कहा 3 दिन के अंदर एस्टीमेट बनाकर कार्य योजना तय कर लें। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को गौशाला में नए आने वाले पशुओं को टैग किए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को गर्मी के दृष्टिगत उत्तम व्यवस्था करने के निर्देश दिया है कहा कि पशुओं को समय से पानी मिल जाए और पशुओं में छांह में बैठने की भी व्यवस्था हो।

## मनरेगा गरीबों की जीवन रेखाः सांसद



सीतापुर। बिसवां विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ यात्रा की शुरूआत तीखे राजनीतिक तेवरों के साथ हुई। शहीद पार्क में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद यात्रा को सांसद राकेश राठौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. आर पी बर्मा ने किया। यात्रा की शुरूआत से ही मंच से सरकार पर जोरदार हमले बोले गए। सांसद राकेश राठौर ने अपने संबोधन में कहा, मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवन रेखा है। अगर सरकार इसे खत्म करने की कोशिश करेगी तो ग्रामीण गरीब सरकार को पलट देंगे। उनके इस बयान ने पूरे कार्यक्रम का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। डॉ. आर पी बर्मा ने भी तीखा हमला करते हुए कहा कि सरकार गरीबों से रोजगार छीन रही है और मनरेगा बचाओ यात्रा आने वाले समय में सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन बनेगी। उन्होंने इसे सरकार पलटने का औजारह्व तक बता दिया। अन्य वक्ताओं ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने रोजगार छीनने का आरोप लगाया, वहीं सुनीला रावत ने स्थानीय स्तर पर मनरेगा में गड़बड़ियों की बात उठाई। जनम की अध्यक्ष रोशनी गुप्ता ने बिसवां में निर्णायक आंदोलन की चेतावनी दी। यात्रा बहेरवा, भागीपुर, मुंडेरवा, करौंदी और बम्भौर समेत कई गांवों में पहुंची, जहां नुक्कड़ सभाएं कर लोगों को जोड़ा गया। इस दौरान कार्यकताओं ने मनरेगा को बचाने के लिए व्यापक जन आंदोलन तेज करने का ऐलान किया।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, खामियों पर जतायी नाराजगी




सीतापुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से किए गए इस निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आईं, जिन पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था देखी और दवा स्टोर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. कुमार ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। इस दौरान मिली प्रशासनिक खामियों पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखी जाएं और हर व्यक्ति को केंद्र पर ही सुलभ व गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जाए। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तांबेश्वर मंदिर में जन्मोत्सव पर भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

फतेहपुर। सिद्ध पीठ तांबेश्वर मंदिर में विहानिका के प्रथम जन्मोत्सव पर भव्य भंडारा आयोजितफतेहपुर। शहर के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ तांबेश्वर मंदिर में रविवार को विहानिका दीक्षित के प्रथम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह पावन धाम, जो द्वापर युग से जुड़ी अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं के लिए विख्यात है, भक्तों और परिजनों की भारी भीड़ से गूंज उठा। पिता नवीन दीक्षित और माता अनुभूति दीक्षित ने अपनी पुत्री विहानिका का पहला जन्मदिन घर में मनाने के बजाय भगवान तांबेश्वर नाथ का आशीर्वाद लेकर सभी के लिए भंडारा आयोजित किया। उन्होंने बताया कि यह उनके मन में आई पुनीत कामना थी कि भगवान के दरबार में सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करें और बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करें। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी, हलवा और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रसाद पाया। कार्यक्रम में विहानिका के नाना विशंभर लाल तिवारी, सिद्धार्थ दीक्षित, सीमा दीक्षित, क्षमता तिवारी, कृपा शंकर तिवारी, छोटू पाल, अमित शर्मा, प्रकृति दीक्षित, पूजा तिवारी, भाव सिंह, अखिलेश कुमार, आनंद तिवारी, संदीप मिश्रा, हर्षित द्वेदी, अमित कुमार, नमन साहू, शांतनु दीक्षित, विक्की कटियार, प्रदीप, पिंटू, देवनारायण तिवारी, अरविंद कुमार, धीरज, धर्मेंद्र, आशीर्वाद, अमित दीक्षित, सत्यम राजपूत, आकाश सहित परिवारजन और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने विहानिका को आशीर्वाद दिया और मंदिर परिसर में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। तांबेश्वर मंदिर, जो 500 वर्ष पुराना होने के साथ जेल से मुक्ति की चमत्कारी मान्यता के लिए जाना जाता है।

# डबल इंजन की सरकार में गरीबों को मिल रहा पक्का घर



फतेहपुर। प्रदेश में वंचितों का सम्मान और हर गरीब को अपना मकान दिलाने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री आवास योजनाझ्रशहरी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से करोड़ रुपये की प्रथम किस्त का अंतरण किया गया। यह राशि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से एक बटन दबाकर जारी की।

इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण फतेहपुर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी गांधी सभागार में किया गया, जहां विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, अपर जिलाधिकारी न्यायिकसुनील कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष खखरेरू व असोथर, प्रभारी अधिकारी डूडा सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से फतेहपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, महराजगंज, देवरिया और सहारनपुर जनपदों के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। फतेहपुर के नगर पंचायत खखरेरू की लाभार्थी श्रीमती माया देवी से मुख्यमंत्री ने उनके जीवन-स्तर, आय के स्रोत और सरकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के बारे में जानकारी ली, जिस पर माया देवी ने अपने आवास के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया जिले स्तर पर कार्यक्रम की शुरूआत विधायक जहानाबाद, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक तथा नगर पंचायत अध्यक्ष खखरेरू एवं असोथर द्वारा दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लाभार्थियों ने स्क्रीन पर मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा-सुना और योजना के तहत मिले आवास को अपने जीवन का बड़ा सहारा बताया।जनपद फतेहपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इनमें नगर पालिका परिषद फतेहपुर सदर के नगर पालिका परिषद बिंदकी के नगर पंचायत असोथर के नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद के नगर पंचायत खागा के नगर पंचायत खखरेरू के नगर पंचायत कारीकांधाता के नगर पंचायत हथगाम के लाभार्थी शामिल हैं।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी स्वीकृति-पत्र प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। लाभार्थियों ने कहा कि पक्का घर मिलने से अब वे सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान दे पाएंगे विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए आगामी नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

## योजना के तहत आवास निर्माण के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता : डीएम





सीतापुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90 हजार पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में हुआ, जिसे सीतापुर में भी अधिकारियों व लाभार्थियों ने देखा। इसी क्रम में जनपद सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत चयनित 15 लाभार्थियों को स्वीकृत आवास के प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता दी जा रही है, जो सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त धनराशि का उपयोग केवल आवास निर्माण में करें और निर्धारित मानकों के अनुरूप समय से निर्माण कार्य पूरा कराएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा सहित अन्य संबंधित अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक समेत साथी की मौत

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। गन्ना बेचकर लौट रहे ट्रैक्टर चालक और उसके साथी की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रालामऊ निवासी 25 वर्षीय प्रदीप पुत्र श्रीकेशन (ट्रैक्टर चालक) और 30 वर्षीय राजेंद्र पुत्र लालता सोमवार सुबह गन्ना लेकर रामगढ़ चीनी मिल गए थे। गन्ना बेचने के बाद दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस अपने गांव लौट रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जैसे ही उनका ट्रैक्टर संदना थाना क्षेत्र के काकोरी गांव के सामने पहुंचा, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिनी ओर पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही संदना थानाध्यक्ष अरविंद कुमार कटियार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे के चलते कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे बाद में जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली हटवाकर सुचारु कराया गया। इस हृदयविदारक घटना से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक एसडीएम व सीओ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी त्योहारों के मद्देनजर दिशा-निर्देश दिए गये। सोमवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव व सीओ तेज बहादुर सिंह की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक में आगामी त्योहारों पर परिचर्चा हुई। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने नवरात्रि व ईद पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत को साफ-सफाई दुरुस्त रखने, बिजली विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश दिए। सीओ तेजबहादुर सिंह ने शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए भाई-चारे के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी संदेह की स्थिति में प्रशासन को सूचित करना संभ्रांत नागरिकों का उत्तरदायित्व है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ सिंह यादव व स्थानीय नगर एवं गांव वासी उपस्थित रहे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, 10 टीमों ने दिखाया दमखम



सीतापुर। जिला खेल कार्यालय द्वारा खेल निदेशालय के तत्वावधान में ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने किया। उद्घाटन अवसर पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के ऑब्जर्वर नेतई सरदार, प्रबंधक आशीष सिंघानिया, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा सहित खेल प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार लाल, अरुण गौतम, मयंक आनंद, देवेंद्र कुमार व जय शंकर तथा अन्य स्टाफ व खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया, जबकि उप क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बैज लगाकर सम्मानित किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सीतापुर, कानपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बरेली, हरदोई, गोरखपुर, उन्नाव, पीलीभीत व बस्ती की टीमें शामिल रहीं। पहला मुकाबला उन्नाव और पीलीभीत के बीच खेला गया, जो 0-0 से ड्रॉ रहा। वहीं दूसरे मैच में कानपुर ने सीतापुर को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

## रोटरी क्लब का होली मिलन समारोह संपन्न





उन्नाव। रोटरी क्लब ने कल होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रेस्टोरेंट डिजायर स्ट्रीट में सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट 3110 के असिस्टेंट गवर्नर रो0 भक्ति विजय शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने सपरिवार सम्मिलित होकर गीत संगीत, हाउसी और संगीत में खेलो का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। अध्यक्ष रो0 अशोक गुपा एवं सचिव रो0 सौरभ श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में अदिति श्रीवास्तव, अभिरुचि एवं आहान निगम ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कसक निगम, दीपा निगम, नीरज निगम एवं अरविंद श्रीवास्तव आदि ने अपने स्वरों से कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम में रो0 आई जे सिंह ने हास्य कविताएं पढ़ी। कार्यक्रम में डॉ मनोज श्रीवास्तव, डॉ, एस एस भदौरिया डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रमेंद्र सिंह, विकास कपूर, रोमा कपूर, अंजना श्रीवास्तव कामिनी खरे मंजू श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव दिव्या डॉ आहूति ओझा हरि मोहन निगम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सचिव सौरभ श्रीवास्तव ने संचालन बहुत ही खूबसूरत तरीके से किया।

# पैथोलॉजी में अव्यवस्था, 12 के जगह एक कर्मचारी के भरोसे सैंपल कलेक्शन



उन्नाव। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में अव्यवस्था और सुस्त कार्यशैली के कारण मरीजों को जांच कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि पैथोलॉजी में लैब टेक्नीशियन और संविदा कर्मियों सहित करीब 12 कर्मचारियों का स्टाफ तैनात है, इसके बावजूद नीचे सैंपल लेने का काम केवल एक कर्मचारी और एक कंप्यूटर ऑपरेटर के सहारे चल रहा है। इस व्यवस्था के कारण हर दिन लंबी लाइनें लग रही है। मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग और गंभीर मरीजों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। सूत्रों की माने तो स्टाफ के बीच जिम्मेदारियों का सही तरीके से बंटवारा किया जाए तो मरीजों को होने वाली परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है। मरीजों और उनके तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और सैंपल कलेक्शन के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है, ताकि जांच प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।

### बोले सीएमएस

इसकी जानकारी जब सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया पैथोलॉजी कक्ष में कर्मचारियों को बैठने के लिए जगह कम है जल्द ही कोई व्यवस्था करते हैं। जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी ना हो।

## होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने और खुशियां बांटने का संदेश देती है : राही



सीतापुर। हरगांव स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुण्ड तीर्थ पर सोमवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यमंत्री सुरेश राही ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है।

होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने और खुशियां बांटने का संदेश देती है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। समारोह में क्षेत्र के प्रधानों एवं गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली खेली और बधाइयां दीं। इस दौरान पारंपरिक व्यंजन गुझिया सहित विभिन्न पकवानों का भी लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक महेंद्र यादव, चेयरमैन गफ्फार खान, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## किसान कल्याण केंद्र का उद्घाटन

पाटन, उन्नाव। बहु प्रतीक्षित किसान कल्याण केंद्र कल्याणपुर सुमेरपुर का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा किसानों को केंद्र से मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी। तहसील बीघापुर मुख्यालय्21 पाटन के



अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत बरसों पहले किसान कल्याण केंद्र का निर्माण हुआ था किंतु इसके बाद भी पाटन के एक पुराने जर्जर भवन में यह केंद्र संचालित हो रहा था। क्षेत्रीय लोगों की मांग के बाद सोमवार को बहु प्रतीक्षित इस किसान सेवा केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला द्वारा किया गया। केंद्र तक लगभग 60 मीटर पक्की सड़क का निर्माण न होने पर किसानों की मांग पर तत्काल सड़क निर्माण कराये जाने का आश्वासन दिया तथा कहा कि इस किसान केंद्र से लोगों को अब काफी सहूलियत प्राप्त होगी। इस मौके पर केंद्र प्रभारी अनिल कुमार सुमेरपुर केंद्र प्रभारी बीघापुर अमित मिश्रा राजेश कुमार राम बहादुर अजय कुमार विवेक कुमार तथा कास्त कार शिवकरण, रिंकू सिंह, राम शंकर, अनूप शुक्ला, रानी देवी, गिरी सिंह, संजय कुमार, करुणा शंकर, राम प्रसाद लोधी, संतान पाल आदि मौजूद रहे।

# यूनाईट फॉर ह्यूमैनिटी (हिन्दी दैनिक)

लखनऊ, 17 मार्च, मंगलवार 2026



## अफवाहों से बचें

मध्यपूर्व में अमरीका ने गैर-जरूरी युद्ध छेड़कर पूरी दुनिया के सामने संकट खड़ा कर दिया है। भारत पेट्रोलियम पदार्थों का अधिकांश हिस्सा आयात करता है और इस कारण भारत के लिए भी तेल एवं गैस की आपूर्ति बनाये रखना बड़ी चुनौती बन गया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने लोकसभा में वक्तव्य देकर देश को आश्वस्त करने की कोशिश की कि कच्चा तेल, पेट्रोल-डीजल, गैस, मिट्टी का तेल और विमानन टरबाइन ईंधन की कोई कमी नहीं है। तेल के पर्याप्त भंडार हैं। हम 40 देशों से कच्चा तेल मंगवा रहे हैं। घरेलू गैस एलपीजी पर दहशत और घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि गैस सिलेंडर की आपूर्ति औसतन ढ़ाई दिन में सुनिश्चित करने के आदेश हैं। सीएनजी की सप्लाई 100 फीसदी है और एलएनजी कार्गो हर रोज आ रहे हैं। एलपीजी का उत्पादन 28 फीसदी बढ़ा दिया गया है। उन्होंने जमा खोरी, कालाबाजारी का भी जिक्र किया। इससे कौन निपटेगा? गैस एजेंसियों के कर्मचारी ही सरेआम घरेलू गैस का सिलेंडर 2500-3000 रुपये में बेच रहे हैं। क्या उन पर अंकुश लगाया जा सकता है? मंत्री ने यह भी कहा कि यह 'फेक नेरेटिव' फैलाने का समय नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी



ने भी लगभग यही बात कही है। मंत्री ने संसद में बयान दिया है, लिहाजा देश को विश्वास करना चाहिए, लेकिन आंखें जो यथार्थ देख रही हैं, वह क्या है? गैस की किल्लत की खबरें लगातार आ रही हैं। तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर को 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर को 114.5 रुपये महंगा क्यों किया? युद्ध काल में ही महंगा क्यों किया गया? इससे भी संवेदनशील सच यह है कि अयोध्या में 'राम रसोई' को बंद करना पड़ा है, जहां औसतन 20,000 से 30,000 लोग रोजाना प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी तरह मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में इंडक्शन चूल्हे पर प्रसाद आदि बनाया जा रहा है। छोटे ढाबों, होटलों के समक्ष भी गैस का संकट है। इस तरह गैस संकट के कई उदाहरण सामने हैं। सरकार का यह तर्क सही है कि लोग पैनिक बुकिंग कर रहे हैं जिससे अचानक रसोई गैस की मांग बढ़ी है लेकिन कुछ दिन तक रहेगा। इसके बाद अगर आपूर्ति सामान्य रहती है, तो पैनिक बुकिंग जैसी स्थिति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी। देश में हाल के वर्षों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का कवरेज बढ़ा है। अब गैस सिलेंडर सिर्फ मध्यम वर्ग के घरों तक सीमित नहीं है बल्कि गरीबों को भी सरकार ने एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया है। यह अच्छी बात है क्योंकि इससे भोजन बनाने में आसानी हुई और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार आया है। लेकिन गैस की मांग भी बहुत बढ़ी है और यही कारण है कि संकट दिखायी पड़ रहा है। गैस संकट के कई उदाहरण सामने आ रहे हैं। भारत 60-66 फीसदी गैस आयात करता है। अब हम 22 लाख टन गैस अमरीका से आयात करेंगे, लेकिन वह गैस 45 दिन के बाद भारत पहुंचेगी। खाड़ी देशों ने युद्ध के कारण आपूर्ति रोक दी है, उत्पादन भी बहुत कम कर दिया है। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित बंद कर दिया है। पानी के नीचे बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। ईरानी सैनिक तेल के जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ऐसे में आपूर्ति बाधित हुई है और जब आपूर्ति बाधित होगी तो समस्या भी पेश आयेगी। देश में गैस एवं पेट्रोल की भारी खपत है। इसलिए संकट के समय लोगों को भी सरकार के साथ सहयोग करना होगा ताकि इस समस्या का सामना देश आसानी से कर सके। देश की आबदी 147 करोड़ से अधिक और गैस भंडारण की स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं है। पेट्रोलियम मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया है कि रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, लिहाजा 50 लाख एलपीजी सिलेंडर की रोजाना आपूर्ति की जा रही है। होटल, रेस्तरां वालों को वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। लेकिन फिर भी संकट बरकरार है। कॉमर्शियल गैस का संकट अधिक है। होटल, ढाबों पर दाम भी बढ़ा दिये गये हैं। दरअसल यह संकट का समय है और इस समय मुनाफाखोरी, जमाखोरी और कालाबाजारी करने के बजाय लोगों को सरकार से सहयोग करना चाहिए। अफवाह फैलाने, जमा खोरी और कालाबाजारी से संकट बढ़ेगा।

### विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

# खाड़ी में भयावह हो सकता है जल संकट



शाहिद ए चौधरी

यह 20वीं शताब्दी का करिश्मा ही है कि खारे पानी को पीने योग्य बना दिया गया है, रिवर्स ओसमोसिस से, लेकिन यह एक प्रकार की जबरदस्त कमजोरी भी है, जैसा कि इस युद्ध में देखा जा रहा है कि डीसेलिनेशन प्लांट्स व उन्हें चलाने वाले पॉवर स्टेशनों पर बारूद बरसाया जा रहा है ताकि लोग गोली-बम से अगर बच भी जायें तो प्यासे ही मर जायें।

ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट बंद कर देने से दुनियाभर के अधिकतर देशों में तेल व गैस की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है, महंगाई में भी इजाफा हुआ है, लेकिन इस युद्ध की वजह से मध्य पूर्व में तेल से भी बड़ा संकट पानी बन गया है। यह इजराइल व अमेरिका द्वारा ईरान पर जबरन व बेमकसद थोपे गये युद्ध का छुपा हुआ संकट है, जबकि अमेरिका व ईरान के बीच समझौता वार्ता चल रही थी, जिसके बारे में दोनों देश सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त थे, लेकिन 2025 की तरह इस बार भी 28 फरवरी 2026 को वार्ता के बीच में ही ईरान पर हमला कर दिया गया, क्योंकि इजराइल इस संभावित समझौते के पक्ष में नहीं था। अब स्थिति यह है कि इस युद्ध में पानी हथियार बन गया है। दरअसल, पानी का महत्व तेल से भी अधिक हो गया है, क्योंकि जहां तेल ने फारस की खाड़ी को समृद्ध किया, वहीं डीसेलिनेटिड पानी उसे जीवित रखता है और यही बात इजराइल व गजा पर भी लागू होती है। इजराइल ने ईरान के डीसेलिनेशन प्लांट व उससे जुड़े पॉवर स्टेशन पर बमबारी की तो जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजराइल, कुवैत, बहरीन आदि के ऐसे ही इन्फ्रास्ट्रक्चरों पर ड्रोन व मिसाइल से हमले किये, जिससे मध्य पूर्व में वास्तव में सबसे कमजोर रणनीतिक बिंदु तेल की जगह पानी बन गया है, यह सब कुछ ऐसे समय में हो रहा है, जब जगह जगह विश्व जल दिवस (22 मार्च) मनाने की तैयारी चल रही है, जिसका 2026 का थीम, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'वाटर एंड जेंडर' है, इस संदेश के साथ कि ह्यजहां पानी बहता है, वहां समता विकसित होती है।

सोचने की बात है कि जिस युद्ध में प्रारम्भिक स्कूल की 170 नाबालिग बच्चियों को बेरहमी से कत्ल कर दिया हो, उसमें संयुक्त राष्ट्र के इस नारे की भला क्या प्रासंगिकता रह जाती है? बहरहाल, मध्य पूर्व में पानी संकट निरंतर तेजी के साथ गंभीर व चिंताजनक होता जा रहा है। इस क्षेत्र में पानी की प्राकृतिक किल्लत तो पहले से ही थी (कि सऊदी अरब में एक भी नदी नहीं है), जो महत्वपूर्ण पानी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला



करने की वजह से अतिरिक्त संकटमय हो गई है, जिससे दीर्घकाल में कुप्रभाव की आशंका बढ़ गई है। दोनों पक्षों की तरफ से न सिर्फ डीसेलिनेशन प्लांट्स को निशाना बनाया जा रहा है बल्कि कुछ मामलों में उन्हें चलाने वाले पॉवर स्टेशनों को भी नष्ट किया गया है, जिससे लाखों लोगों के लिए पानी के बुनियादी स्त्रोत पर खतरा मंडराने लगा है। खाड़ी के कुछ देशों में 90 प्रतिशत पीने का पानी डीसेलिनेशन प्लांट्स से ही आता है। इस युद्ध से जो प्रारम्भिक रिपोर्ट्स मिली हैं, उनसे मालूम होता है कि पहले अमेरिका व इजराइल ने ईरान के केशम द्वीप पर बने डीसेलिनेशन प्लांट पर बमबारी की, जिससे लगभग 30 गांवों को होने वाली जल आपूर्ति बाधित हुई। इसके जवाब में ईरान की मिसाइल/ड्रोन ने जेबेल अली पोर्ट (यूएई), फुजैरह एफ1 पॉवर/वाटर काम्प्लेक्स (यूएई), दोहा वेस्ट प्लांट (कुवैत) आदि पर या उनके पास गिरीं, नुकसान पहुंचाते हुए। बहरीन व इजराइल के डीसेलिनेशन प्लांट्स पर भी हमले हुए हैं।

### यूएस-इजराइल और ईरान युद्ध

खाड़ी में लगभग 400 और इजराइल में पांच डीसेलिनेशन प्लांट्स हैं और अगर इन्हें ह्यवैध निशानों के रूप में देखा जाने लगा तो कुछ ही दिनों में इस क्षेत्र में पीने के पानी का इतना गंभीर संकट उत्पन्न हो जायेगा, जिसकी कल्पना भी करना कठिन है, ऐसा विशेषज्ञों का कहना है। गौरतलब है कि पृथ्वी पर जो कुछ सबसे रईस देश हैं, वह पूर्णतः डीसेलिनेशन प्लांट्स पर पीने के पानी के लिए निर्भर हैं, जो समुद्र के खारे पानी को पीने के पानी में तब्दील करते हैं। दुबई, कुवैत सिटी व मनामा जैसे शहरों का अस्तित्व तो केवल इसलिए है कि उनके तटों पर जो डीसेलिनेशन प्लांट्स स्थापित हैं, वह समुद्र से खारे पानी को पंप करते हैं और फिर उसे पीने योग्य बनाकर लाखों लोगों को सप्लाई करते हैं, इनके बिना नलके कुछ ही दिनों में सूख जायेंगे। ईरान पर थोपे गये युद्ध के पहले सप्ताह में दुनिया का ध्यान पूर्णतः तेल पर केंद्रित था।

समीक्षक होर्मुज स्ट्रेट में टैंकरों की आने-जाने, खाड़ी में रिफाइनरियों के बंद होने और क्रूड आयल में अचानक उछाल आने पर ही चर्चा कर रहे थे। कुछ समय के लिए ब्रेंट क्रूड का प्रति बैरल दाम 120 डॉलर को पार कर गया था; क्योंकि व्यापारियों का अनुमान था कि वैश्विक तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा प्रभावित होगा। दुनियाभर की सरकारें इस आर्थिक संकट का सामना करने के लिए कमर कस रही हैं, जबकि निवेशक बंदरगाहों व पाइपलाइनों की सैटेलाइट तस्वीरों को स्कैन कर रहे हैं कि युद्ध कितना फैलता जा रहा है। लेकिन तेल बाजारों के इस शोर में जल के त्वरित संकट को अनदेखा कर दिया गया था, जबकि अब पानी ही सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है। कुवैत व बहरीन जैसे देश तो पीने के पानी के लिए क्रमशः 90 प्रतिशत व 95 प्रतिशत डीसेलिनेशन प्लांट्स पर ही निर्भर हैं, जबकि ओमान की निर्भरता 86 प्रतिशत व सऊदी अरब की 70 प्रतिशत है। गजा में अधिकतर जल इन्फ्रास्ट्रक्चर नष्ट हो चुका है, जिससे वहां पानी की भयंकर कमी महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अगर हमलों को रोका न गया तो 100 मिलियन से अधिक लोग पीने के पानी को तरसने लगेंगे, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन की आशंका बढ़ जायेगी। गौरतलब है कि युद्ध से पहले ही ईरान लगातार पिछले छह साल से सूखे का सामना कर रहा है कि उसके रिजर्वायरों में क्षमता का 10-12 प्रतिशत पानी ही रह गया है। पानी की कमी मध्य पूर्व में कृषि को भी प्रभावित कर रही है। इराक में इस समय सूखे की स्थिति ऐसी है, जो पिछले 100 वर्षों के दौरान देखी नहीं गई। जल इन्फ्रास्ट्रक्चर को हथियार बनाया जाना 1990-91 के खाड़ी युद्ध की याद दिला रहा है और इसका सबसे बड़ा खतरा यह है कि पानी की उपलब्धता में स्थायी संकट उत्पन्न हो सकता है। ध्यान रहे कि जल संकट कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है, जिससे फूड सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होता है और ग्लोबल फूड दामों में वृद्धि हो जाती है।

मध्य पूर्व में जल सुरक्षा का जो खतरा है वह 'छुपा हुआ संकट' है, जिसका कुप्रभाव तेल से भी अधिक हो सकता है और इससे बड़े पैमाने पर पलायन की चिंताएं बढ़ गई हैं। हर कोई सऊदी अरब व उसके पड़ोसी देशों को पेट्रोस्टेट्स समझता है, लेकिन वह वास्तव में समुद्र के खारे पानी की राजशाही हैं। वह मानव-निर्मित फॉसिल-फ्यूल वाटर सुपरपॉवर हैं। यह 20वीं शताब्दी का करिश्मा ही है कि खारे पानी को पीने योग्य बना दिया गया है, रिवर्स ओसमोसिस से, लेकिन यह एक प्रकार की जबरदस्त कमजोरी भी है, जैसा कि इस युद्ध में देखा जा रहा है कि डीसेलिनेशन प्लांट्स व उन्हें चलाने वाले पॉवर स्टेशनों पर बारूद बरसाया जा रहा है ताकि लोग गोली-बम से अगर बच भी जायें तो प्यासे ही मर जायें।

### सोशल मीडिया

लोग कह रहे हैं कि जब खाली सिलेंडर 'स्टूल' बन गया है तो यूपी के अगले मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा अपने सभी विधायकों को डिप्टी सीएम क्यों न बना दे? अखिलेश यादव.



भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की पहली सूची जारी कर दी है। केशव प्रसाद मौर्य.



राजस्थान के करौली जिले के भुखरावली गांव में रामवीर जाटव की निर्मम हत्या की निंदनीय शर्मनाक और दुखद है, यह घटना कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मायावती.



## ईश्वर की शक्तियां

### अंतर्दृष्टि

पुण्य कर्मों में हमारी प्रखरता हमारे व्यक्तित्व, आत्मिक साधना और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के हमारे संकल्पों को मजबूत करती है। पुण्य कर्म हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमे आत्मसंतोष भी प्रदान करते हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है।

## मोहल्ले में कुत्तों की फौज

### व्यंग्यलोक

अब कोर्ट कचेहरी तक कुत्तों की ताकत देख चुके हैं। पहले मेरे पूरे मोहल्ले में एक कुत्ता था। सीधा-सादा और सरल सा। पास से निकलता तो वह पांवों में लोट जाता और दुम हिलाने लगता। पूरे मोहल्ले का ध्यान वही कुत्ता रखता था। हालांकि था तो वह कुत्ता ही, लेकिन उससे किसी को कोई परेशानी नहीं थी। उसी के भलेपन का फायदा उठाकर पता नहीं कहाँ से पांच-सात कुत्ते और मेरे मोहल्ले में आ गये हैं। इनमें एक-दो तो एकदम पिल्ले हैं। समझते-पहचानते नहीं, अपना-पराया नहीं देखते और लगते हैं भोंकने। नये कुत्तों का और भी बुरा हाल है, सारे दिन मोहल्ले में इधर से उधर घूमते रहते हैं और भले आदमी की पिण्डली पकड़ने को आतुर रहते हैं। मैं तो इनकी कार्य शैली से सदैव सहमा सा रहता हूँ। पता नहीं कब मिजाज बदल लें और काट लें। सही कहूं तो लगता है मोहल्ले में एक यूनियन सी बना ली है। जब भी घर से बाहर निकलता हूँ तो चारों तरफ कुत्ते ही कुत्ते घूमते नजर आते हैं। एकदम आवारा और हर ऊंच-नीच से बेखौफ। भार्गव साहब कुत्तों के शौकिन हैं। सारे दिन उनसे बतियाते और खेलते रहते हैं। उनके लिए रोटियां बनवाते हैं और अपने हाथों से खिलाते हैं। भार्गव साहब ने लगभग सभी कुत्तों को अपना पालतू बना लिया है। भार्गव साहब जब मौहल्ले का राउण्ड लेते हैं तो सारे कुत्ते उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं। एक दिन मैंने भार्गव साहब को अपने घर बुलाया और चाय पेश करते हुये कहा-भार्गव साहब अपने मोहल्ले में कुत्ते बहुत हो गये हैं। अच्छा हो इनमें से दो-चार को नगर-निगम में शिकायत लिखवाकर यहां से विदा कर दें? भार्गव साहब ने चाय का घूंट लिया और हैरानी से बोले- आप मोहल्ले के कुत्तों की शिकायत नगर निगम में करेंगे? थोड़ी गैरत रखो, इनको बड़ी मुश्किल से पाल-पोसकर बड़ा किया है और मोहल्ले की सुरक्षा के लिए खुला छोड़ रखा है। आपका इन बेचारों ने बिगाड़ा क्या है? मैं बोला-बुरा मत मानिये भार्गव साहब! माना आपने इन्हें स्नेह दिया है, पाला-पोसा है और इन्हें भोंकने के काबिल किया है। परन्तु मोहल्ले में हमारे-आपके बाल-बच्चे और महिलायें आती-जाती हैं। कभी उन पर इन्होंने उन पर हमला कर दिया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए कह रहा था, एक-दो कुत्ते तो फिर भी चल सकते हैं, लेकिन इस पूरी फौज ने तो मोहल्ले का चैन छीन रखा है। भार्गव साहब ने पूरी चाय हलक से उतारी और बोले-शर्मा जी, ये कुत्ते हैं और जानवर भी हैं। इनमें समझने-बूझने की तो तमीज होती नहीं, कल ये तैश में आकर ऑफेंसिव हो गये तो आपका जीना हराम कर देंगे। ये कुत्ते हैं, उन्हें इनके हाल पर छोड़ दीजिये। निश्चित मानिये इन्हें इस मोहल्ले की आदत हो गई है।



पूरन सरमा

## वातावरण में बदलाव का पक्षियों पर पड़ रहा असर



वन्य जीवन

के.पी.सिंह

ग्लोबल वार्मिंग से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान बल्कि धरती के सभी जीव जंतुओं पर इसका कहर टूट रहा है। सबसे बड़ा असर हाल के दिनों में पक्षियों पर देखने को मिला है। चाहे सारस हो या आर्कटिक हंस, पिछले एक दशक में न सिर्फ इनकी संख्या में भारी कमी आयी है बल्कि इनकी प्रजनन क्षमता भी बहुत कम हो गई है। अमेरिका से प्रकाशित ह्यजर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेजह्ल (पनास) में छपे एक अध्ययन के मुताबिक साल 1970 से 2019 के बीच 50 सालों में 104 पक्षियों की जिन प्रजातियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया है, उसमें स्पष्ट हुआ है कि धरती के बढ़े तापमान के कारण पक्षियों की संख्या और उनकी प्रजनन दर पर लगातार कहर टूट रहा है।

धरती में पिछले 50 सालों में जैसे जैसे तापमान बढ़ा है, उसका असर पक्षियों की शारीरिक संरचना, उनके वजन, गुणों, आवास की जरूरतों और सबसे बड़ी बात उनके प्रजनन क्षमता और प्रजनन दर पर देखा गया है। आर्कटिक में पाये जाने वाले हंस की संख्या में पिछले 50 सालों में 93 फीसदी तक की कमी आयी है, लेकिन इसेस भी खतरनाक ट्रेंड यह है कि पहले जहां आर्कटिक हंस के जोड़े साल में कम से कम दो चूजे पैदा कर लेते थे, अब कई कई जोड़ों के बीच भी पूरे साल में एक भी चूजा नहीं पैदा हो रहा। यही नहीं उनके आकार और प्रवासन में भी बदलाव देखा गया है। चूंकि उनके आकार में 50 साल पहले के मुकाबले काफी कमी आ गई है, इसलिए उनकी प्रजनन संबंधी क्षमता और व्यवहार में भी बहुत बदलाव देखने को मिल रहा है। कुछ पक्षी ग्लोबल वार्मिंग के कारण समय से बहुत पहले ही अंडे दे देते हैं, जिसके कारण समय से पहले ही उनके तमाम अंडे बर्बाद हो जाते हैं। दूसरी तरफ बहुत बड़े पैमाने पर पक्षी समय गुजर जाने के बाद भी अंडे देना शुरू नहीं कर पाते और अंत में उनका यह चक्र गड़बड़ा जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि कई पक्षियों में जैसे भारत के सारस पक्षी में प्रजनन हेतु निकटता का आकर्षण काफी ज्यादा घट गया है। पक्षियों के जोड़े साथ रहते हुए भी मैथुन प्रक्रिया से नहीं गुजरते। वैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें मैथुन की इच्छा खत्म होती लग रही है। ग्लोबल वार्मिंग का एक और बड़ा प्रभाव पक्षियों में यह देखने को मिल रहा है कि कार्बन डाइ ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रेस ऑक्साइड और सीएसफसी गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण उनमें बहुत अनदेखी किस्म की अपंगता बढ़ रही है। जिसके कारण उनकी उम्र भी घट रही है, स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है और प्रजनन दर भी प्रभावित हो रही है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर काबू नहीं पाया गया तो इंसानों से पहले कम से कम जीव जंतुओं की कई हजार प्रजातियां लुप्त हो जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका की विज्ञान अकादमी से निकलने वाला जर्नल पनास सालों से विभिन्न सरकारों को इस समस्या की तरफ ध्यान खींच रहा है, लेकिन बड़ी बड़ी बातों के बावजूद भी ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में कोई निर्णायक सफलता नहीं मिल रही। क्योंकि हर देश खुद से नहीं दूसरे से पहल करने का इंतजार कर रहा है। पक्षियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर हेतु पनास ने जो बड़ी रिसर्च की है, उससे पता चलता है कि पक्षियों की कोई एक दो नहीं बल्कि जिन 104 प्रजातियों के प्रजनन पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया था, उसमें आधे से ज्यादा 56.7 फीसदी पक्षियों की प्रजनन दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। यहां तक कि जिन पक्षियों के लगातार कम होते जाने या लुप्त होने की तरफ बढ़ते होने को जाना नहीं जा पा रहा था, उन पर भी ग्लोबल वार्मिंग का यह असर देखा गया है। वैज्ञानिकों ने पक्षियों के 15 से 49 प्रजनन सीजन की जांच की है और पाया है कि सीजन दर सीजन उन पर इसका दुष्प्रभाव बढ़ते देखा गया है। सबसे ज्यादा असर अमेरिकी पक्षी मोटागु हैरियर और वाइट स्टॉर्क पर देखा गया है। वाइट स्टॉर्क दरअसल सफेद सारस है और यह भारतीय सारस प्रजाति का ही पक्षी है। इसकी पूंछ काली और लंबी तथा कुछ घुमावदार होती है। साथ ही यह सफेद और हल्के पीले सारस से कुछ बड़ा होता है। इसे जंगल ड्रेगन भी कहते हैं। इसकी प्रजनन क्षमता पर सबसे ज्यादा ग्लोबल वार्मिंग का असर देखा गया है। भारत के दाढ़ी वाले गिद्धों पर भी यह प्रभाव देखने को मिला है। हाल के सालों में उनकी जिस तेजी से संख्या घटी है, अब समझ में आ रहा है कि उसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ा कारण है।

## आप की बात

### खाली पदों को भरें

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके।

**दिनेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### बुनियादी संरचना का विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

# यूनाईट फॉर ह्यूमैनिटी (हिन्दी दैनिक)

लखनऊ, 17 मार्च, मंगलवार 2026




संक्षेप

## प्राण घातक हमले व धमकाने का अरोपित दोषमुक्त

**अयोध्या।** 20 साल पहले पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर वादी मुकदमा प्रेम नारायण सिंह पर प्राणघातक हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित राजेन्द्र प्रसाद पर अपराध साबित न होने पर संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया है।

यह फैंसला अपर सिविल जज सी.डी. चतुर्थ ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता व अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुनन के पश्चात पत्रावली पर उपलब्ध समस्त साक्ष्यों के अवलोकन के बाद दिया। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता इन्द्रेश कुमार सिंह व वैभव मिश्र ने पैरवी किया। तर्क दिया कि वह निर्दोष है रंजिशन फर्जी फसाया गया है। अभियोजन पक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा है।

यह मामला पूराकलन्दर क्षेत्र का वर्ष 2006 का है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 13 फरवरी 2006 को प्रेम नारायन सिंह पर पुरानी रंजिश को लेकर प्राणघातक हमला किया गया विरोध करने पर उसे अपशब्द कहते हुए हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दिया।

# मिल्कीपुर में जल्द बनकर तैयार होगा आधुनिक उप निबंधक कार्यालय

**अयोध्या।** जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की एक और कड़ी जुड़ गई है। तहसील मिल्कीपुर में नए उप निबंधक कार्यालय (सब रजिस्ट्रार ऑफिस) का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। यह कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 2.28 करोड़ रुपये है। यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, क्योंकि वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय अस्थायी व्यवस्था में सिंचाई विभाग के भवन में संचालित हो रहा है, जहां पहुंचना और सुविधाएं दोनों ही सीमित हैं। जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य 11 सितंबर 2024 को शुरू हुआ था। आवास विकास परिषद (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद) अयोध्या की निर्माण इकाई-चार इसकी जिम्मेदारी संभाल रही है। कार्यालय



- 2.28 करोड़ की लागत से है निर्माणाधीन, आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस
- आवास विकास परिषद की निर्माण इकाई–चार कर रही उप निबन्धक कार्यालय का निर्माण

का निर्माण सिविल, विद्युत, जलापूर्ति, सेनिटरी और बाह्य विकास कार्यों सहित पूर्ण रूप से आधुनिक मानकों पर किया जा रहा है। परिसर में ट्यूबवेल, पंप रूम, बाउंड्री वॉल, एमएस गेट, टॉयलेट ब्लॉक, कैंटीन, शेड, सोलर जनरेटर सिस्टम, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग रोड, आंतरिक ड्रेन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, रेन वाटर हार्वेसिंटग सिस्टम, बाह्य विद्युतीकरण, मिट्टी भराई और बाह्य विद्युत कनेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। फायर फाइटिंग सिस्टम और आंतरिक विद्युतीकरण की सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि कार्यालय न केवल सुविधाजनक बल्कि सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल भी बने। जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डिजाइन किया गया यह परिसर आम जनता की रजिस्ट्री, प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों को आसान और तेज बनाने में मददगार साबित होगा।

मिल्कीपुर तहसील में 1995 से तहसील मुख्यालय स्थापित होने के बाद से उप निबंधक कार्यालय अस्थायी रूप से चल रहा था, जिसके कारण लोगों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। सड़क पर जलभराव, कीचड़ और पहुंच की समस्या आम थी। नया कार्यालय इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करेगा। डीएम निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि परियोजना की समय-सीमा निर्धारित है। निर्माण कार्य को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद कार्यालय पूर्ण रूप से चालू हो जाएगा, जिससे मिल्कीपुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोग इस विकास से उत्साहित हैं और इसे अयोध्या के समग्र विकास का हिस्सा मान रहे हैं। यह परियोजना न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी।

## भाकियू ने शुरू किया अनिश्चित कालीन धरना

सोहावल-अयोध्या। नगर पंचायत भदरसा के भरतकुंड वार्ड नंबर 3 में 35 साल पुराने दर्जन भर पट्टा धारकों को मकान बनाने से रोके जाने के मामले में दो बार ज्ञापन देने के बाद भी तहसील प्रशासन कोई कार्रवाई न कर सका। जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

लगभग दो दर्जन कार्यकताओं के साथ धरने पर बैठे किसान यूनियन के नेता फरीद अहमद, राम अवध, अमरनाथ रावत, राम उजागर, गौरव, जितेंद्र, ललिता, मालती देवी, उर्मिला, छोटू, भभूति आदि ने बताया कि तहसील का राजस्व प्रशासन विपक्षियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका। जिसके चलते समस्या समाधान तक आंदोलन और धरना अनवरत जारी रहेगा।

मंगलवार को उच्च अधिकारियों को नोटिस देकर 23 तारीख को महापंचायत आयोजित की जायेगी और भाकियू आर पार की लड़ाई लड़ेगा।

पूछे जाने पर नायब तहसीलदार रौनाही रेशू जैन ने बताया कि धरना कारियों के साथ बातचीत चल रही है। जल्द ही मामले का निस्तारण करा दिया जायेगा।

## गांधी क्लब ने स्टेडियम टीम को 2-0 से हराकर किया टूर्नामेंट पर कब्जा



**बाराबंकी।** खेल निदेशालय के तत्वाधान मे जिला स्तरीय हॉकी बालक व बालिकाओं का पीएसी हॉकी ग्राउंड पर हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन कोच अमित सिंह ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट मे 6 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमे फाइनल मैच गांधी क्लब बाराबंकी और स्टेडियम के बीच खेला गया। जिसमें गांधी क्लब ने स्टेडियम टीम को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया। विजयी टीम को हाकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खान ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तथा सभी खिलाड़ियों से कहा कि अगर मेहनत करते रहे। तो कामयाबी जरूर मिलेगी। इस अवसर पर ओलंपियन ललित उपाध्याय, हॉकी एसोसिएशन की संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक कुमार, मुजीब अहमद, शाकिब अहमद मौजूद रहे।

## कल्याणी नदी मे गिरी बोलेरो, चालक की मौत, 1 घायल



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद से भिटरिया जा रही एक बोलेरो गांव तासीपुर कल्याणी नदी पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे नदी में गिरने से सड़क हादसा हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद दोनों युवकों को काफी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाल तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वाहन चालक 30 वर्षीय धनकुमार यादव पुत्र रामसूरत यादव, निवासी अमहिया, रामसनेहीघाट के रूप में हुई है। घायल युवक रानीमऊ निवासी रवि के रूप में हुई है, जिसका इलाज जारी है।

## कार और नगदी, तमंचा बरामद, तीन गिरफ्तार



**अयोध्या।** हाइवे पर राहगीरों को झांसा देकर कार में बैठाने और रास्ते में उनका पैसा व कीमती सामान लेकर फरार हो जाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त एक कार, 25,300 रुपये नकद तथा एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र में दर्ज एक मामले में मुखबिर की सूचना पर उसरू नहर पुलिया, रायबरेली रोड के पास से तीन लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे हाइवे पर लोगों को बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठा लेते थे और बातचीत के दौरान उनका पैसा व अन्य कीमती सामान निकाल लेते थे। इसके बाद उन्हें बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो जाते थे। पकड़े गए लोगों ने यह भी बताया कि पहचान से बचने के लिए कार के पीछे की नंबर प्लेट हटा दी जाती थी, ताकि कोई फोटो न ले सके। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अनिल सिंह (निवासी ग्राम मढ़ना, थाना महाराजगंज), आनंद पांडेय (निवासी सालिक पंडित का पुरवा, सनेथू, थाना पूराकलंदर) तथा भास्कर पांडेय उर्फ पप्पू (निवासी सालिक पंडित का पुरवा, सनेथू, थाना पूराकलंदर) के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आनंद पांडेय और भास्कर पांडेय पर पहले भी चोरी, लूट और अन्य गंभीर मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अनिल सिंह के खिलाफ भी पहले से आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय युवा राजनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री ने किया प्रतिभाग

**अयोध्या।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा राजनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम जर्मनी की प्रसिद्ध संस्था कोनराड एडेनॉयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों से आए युवा राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्वकताओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, मैनहाइम तथा स्टटगार्ट नगरों का भ्रमण किया और बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य की चुनावी प्रक्रिया को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने जमीनी स्तर पर होने वाले चुनाव प्रचार, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा वहां के जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के साथ संवाद के माध्यम से जर्मनी की लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम के दौरान युवा सहभागिता, संघीय शासन व्यवस्था तथा आधुनिक लोकतंत्र में नेतृत्व की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

स्टटगार्ट में आयोजित बैठकों में बाडेन-वुर्टेमबर्ग क्राज्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ भी मंथन हुआ। इन बैठकों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति तथा बाडेन-वुर्टेमबर्ग की एशिया-प्रशांत क्षेत्र से जुड़ी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। हर्षवर्धन सिंह ने भारत और बाडेन-वुर्टेमबर्ग के बीच औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारत का मजबूत औद्योगिक तंत्र और कुशल मानव संसाधन, यदि बाडेन-वुर्टेमबर्ग की नवाचार क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और उन्नत विनिर्माण तकनीक के साथ जुड़े, तो दोनों क्षेत्रों के लिए नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।



## रोड सेफ्टी नियमो का मिला उल्लंघन, एआरटीओ व पीटीओ ने किये 10 वाहन सीज, 10 चालान



**बाराबंकी।** रोड सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग, बकाया टैक्स, परमिट, फिटनेस के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत कई वाहनों पर जुमार्ने व वाहनों की सीजिंग की कार्यवाही की। आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर चेकिंग के दौरान 4 ओवरलोड़ व 1 अनाधिकृत डग्गामार को सीज किया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने पत्रावलियो की गहनता से जांच करते हुये 2 ओवरलोड़ व 3 बिना परमिट, बकाया टैक्स मिलने पर थाना असन्द्रा मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 10 वाहनो के चालान किये। साथ ही प्रवर्तन टीमो द्वारा चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन किये जाने को लेकर जागरुक भी किया।

## परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाया

**बहराइच।** आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस



अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## भारत की जनगणना के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




**बाराबंकी।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन हेतु जनपद में फील्ड ट्रेनर (एफटी) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी व प्रमुख जनगणना अधिकारी शशांक त्रिपाठी सागर ने सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सभागार मे फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जनगणना कार्य का शुभारंभ आज से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। इस बार की जनगणना पूर्णतः ऐप आधारित एवं डिजिटल माध्यम से की जाएगी। जिससे आंकड़ों के संकलन, संधारण तथा विश्लेषण में काफी सुविधा होगी और योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सटीकता आएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना जनकल्याण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है।

- जनगणना जनकल्याण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है: डीएम
- जनगणना पूर्णत: ऐप आधारित एवं डिजिटल माध्यम से की जाएगी

सही एवं सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य व द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या की गणना का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी व जिला जनगणना अधिकारी निरंकार सिंह, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, तहसीलदार नवाबगंज भूपेन्द्र विक्रम सिंह, मण्डल स्तरीय मास्टर ट्रेनर, नामित फील्ड ट्रेनर एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**बहराइच।** जिले में संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के निर्माण के प्रभावित वृक्षों के निलामी/कटान रेलवे विभाग द्वारा वननिगम से सम्पर्क कराया जाए विलम्ब न हो। उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि योजना प्रभावित ग्राम समाज के भू-खण्डों के पुर्नग्रहण की कार्यवाही शीघ्र करायी जाये। भारत-नेपाल सीमा पर प्रस्तावित बहुउद्देशीय हब के अर्जन क्षेत्र में प्रभावित परिसम्पत्तियों का मूल्याकंन भूमि अध्याप्ति अधिकारी को उपलब्ध कराये जिससे अधिनिर्णय विलम्बित न हो। उपजिलाधिकारी कैसरगंज व महसी से जिलाधिकारी द्वारा अपेक्षा की गयी कि अर्जन प्रभावित भूमि स्थलीय स्थिति व प्रभावित कृषकों के मध्य अंश निर्धारण की रिर्पोट विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध करायी जाए। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसबे के निर्माण में प्रभावित ग्राम टेडवाबसन्तपुर के सन्दर्भ में जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी महसी को निर्देशित किया गया कि ग्राम टेडवाबसन्तपुर के प्रस्ताव के अनुसार भू-खण्डों एवं क्षेत्रफल का मिलान खतौनी/41,45 से करा लिया जाए तथा यह ध्यान रखा जाए कि अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल भू-खण्ड के कुल क्षेत्रफल से अधिक कदापि न हो। सिचाई विभाग के गैप्स निर्माण के भू-अर्जन प्रस्ताव में तेजी लायी जाए। सहायक मण्डल अभियंता पूर्वोत्तर रेलवे बहराइच निदेर्शित किया गया कि मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी विभाग के प्रतिनिधियों को यह निर्देशित किया गया कि योजना प्रभावित भू-अधिग्रहण कार्यों की सतत समीक्षा की जाए कही भी शिथिलता न हो। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच, नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी महसी, उपजिलाधिकारी कैसरगंज, भूमि अर्जन अधिकारी एनएचएआई लखनऊ, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० बहराइच, सहायक मण्डल इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे बहराइच, सहायक अभियंता, सरयू नहर खण्ड-4, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-1 सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच, सहायक अभियंता एनएचएआई सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओ किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

## होली मिलन समारोह को लेकर भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने की प्रेस वार्ता



**बाराबंकी।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह की तैयारियो को लेकर जनक पैलेस में जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता व महामंत्री रामेन्द्र दीपक गुप्ता ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि दोसर वैश्य समाज की नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण के साथ समाज के बुजुर्ग लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह मे मुख्य अतिथि के रुप मे खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि विधायक लखनऊ नीरज बोरा, विधायक उन्नाव पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, संघ प्रचारक रवि, जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी मौजूद होगे। प्रेस वार्ता मे महासमिति जिला महामंत्री रामेन्द्र ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता एंव सचांलन बृजेश कुमार वैश्य करेगे।

- नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व समाज के बुजुर्ग लोगों हुए सम्मानित
- राजनीति में शिखर तक पहुंचाने के लिए प्रत्यनशील रहने का लिया संकल्प

कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे फूलो की होली तथा कलाकारो द्वारा विभिन्न झाकिया प्रस्तुत की जायेगी। इसके उपरान्त दोसर वैश्य समाज सदस्यों ने एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल रहने व राजनीति में शिखर तक पहुंचाने के लिए प्रत्यनशील रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संरक्षक चन्द्र प्रकाश गुप्ता, टैक्स बार अध्यक्ष पवन वैश्य, डा0 आर0एस0 गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अजय प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, रविनन खजांची, जिला कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुशील गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अमर गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज गुप्ता गोविन्दा, सुशील गुप्ता, संदीप गुप्ता, उमेश गुप्ता, पवन गुप्ता, अवधेश गुप्ता, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, विवेक गुप्ता, अतुल गुप्ता युवा, सौरभ गुप्ता, दीपदाश गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता सहित समाज शामिल रहे।

## जिले में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी संजीवनी




**बहराइच।** ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों को अब और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सत्रों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए सीएमओ की विशेष पहल पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) फंड का उपयोग किया गया है। इसके तहत जिले की आशा कार्यकताओं को 17 प्रकार की आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सीधा सुधार देखने को मिलेगा।

डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रत्येक माह के बुधवार और शनिवार को 4500 सार्वजनिक स्थानों पर वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से करीब 1.12 लाख से अधिक लाभार्थियों, जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और बच्चे शामिल हैं, उन्हें टीकाकरण, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं दी जाती हैं। पहले कई स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की कमी से सत्रों के संचालन में दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है।

डीसीपीएम ने बताया कि वीएचएसएनसी फंड का संचालन ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। सरकार इसमें हर साल 10 हजार रुपये देती है। इस वर्ष इस फंड से सत्रों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे गए हैं। डीसीपीएम ने बताया कि इस फंड से आशाओं के लिए 17 प्रकार की जरूरी वस्तुएं खरीदी गई हैं। इनमें कुर्सी, मेज, हैंगिंग स्केल, एमयूएसी टेप, चटाई, टॉर्च, बैग, टीकाकरण ट्रैकिंग रजिस्टर, बाल्टी, मग, कूड़ेदान, जग-गिलास सेट, वैक्सीन रखने की ट्रे, पेन पैकेट, थमार्मीटर, बेबी ब्लैंकेट और हैंडवॉश शामिल हैं। नई सामग्रियां पाकर आशा कार्यकताओं में भी खासा उत्साह है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि संसाधनों की उपलब्धता से वीएचएसएनडी सत्रों का संचालन अब अधिक व्यवस्थित और सुचारु तरीके से किया जा सकेगा। बच्चों का वजन मापना, कुपोषण की सटीक पहचान करना, टीकाकरण का रिकॉर्ड रखना और स्वच्छता बनाए रखना पहले की तुलना में बहुत आसान हो जाएगा। हमारा उद्देश्य गांवों में ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

# यूनाईट फॉर ह्यूमैनिटी (हिन्दी दैनिक)

लखनऊ, 17 मार्च, मंगलवार 2026




संक्षेप

## महिला की धारदार हथियार से हत्या

गौरीगंज, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत होली पर मायके आई एक विवाहिता का शव खेत में लहूलुहान मिला। महिला के चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जनपद अमेठी के भाले सुल्तान के दिछौली गांव निवासी रेखा 35 वर्ष होली त्योहार पर अपने मायके कोतवाली गौरीगंज के डिंगुर मजरे हृदय शाह आई थी। रविवार की रात आठ बजे वह शौच के लिए खेत की तरफ गई थी। लेकिन वह वापस न लौटने पर परिवारजन ने तलाश करने पता नहीं चला। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव से 150 मीटर दूर महिला का शव लहूलुहान पड़ा देखा। बताते चलें कि महिला के चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई हैं। एएसपी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षक कर जल्द खुलासा करने का निर्देश कोतवाल को दिया है। मृतका का मोबाइल भी पुलिस को नही मिला है। मृतका रेखा को दो बच्चे भी है। पिता सोमई ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी हैं।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उपजिलाधिकारी सचिन यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी कार, तीन घायल

परशदेपुर रायबरेली। डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र में रविवार देर रात मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार गड्ढे में पलट गयी। कार के गड्ढे में पलटने से उसमें सवार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे बैरिसाल जनौली निवासी नीरज सिंह अपनी पत्नी स्नेहलता व बेटी सृष्टि सिंह के साथ प्रतापगढ़ जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय परशदेपुर चैकी क्षेत्र के राइस मिल के पास अचानक सड़क पर मवेशी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी और कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकलवा कर 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी सलोन भिजवाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया की रविवार रात परशदेपुर अठेहा रोड पर राइस मिल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गयी थी जिसमे कार सवार सभी लोग घायल हुए थे, इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

# 10 लाख के आभूषण के साथ दो गिरफ्तार

## पुरानी चोरियों का भी पुलिस ने किया खुलासा



रायबरेली। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। हरचन्दपुर की पुलिस टीम ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो चोरों को चोरी के सोने-चांदी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि बिन्द कुमार पुत्र मैकू लाल, निवासी ग्राम हरनी, थाना हरचन्दपुर, देवी शंकर पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय राम सनेही, निवासी सराय खाण्डे राय टेउंगा, थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ को प्यारेपुर रेलवे क्रासिंग से कनहट जाने वाले नहर मार्ग पर से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं।

कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि उनके पास से बरामद कुछ आभूषण 29 जनवरी की रात को गांव चकखापर थाना मिलएरिया क्षेत्र से हुई चोरी से संबंधित हैं। वहीं अन्य बरामद आभूषण 13 मार्च को कुन्दनगंज थाना बछरावां क्षेत्र में हुई चोरी से जुड़े हैं।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना हरचन्दपुर पुलिस टीम के प्र0नि0 हरिकेश सिंह, उ0नि0 अनीश यादव, उ0नि0 प्रवेश तुषार, उ0नि0 प्रणव मिश्रा, का0 नितिन कुमार षामिल हैं। इस कार्रवाई में एक वैगनआर कार यूपी32 जेड एन5095 भी सीज की गई है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## पुलिस ने अंतरराज्यीय कार चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

### आठ सदस्य गिरफ्तार, पांच चोरी की लक्जरी कारें बरामद

रायबरेली। जिले की पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 चोरी की चार पहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनमें थाना बछरावां से चोरी हुई एक स्कॉर्पियो सहित अन्य लक्जरी कारें शामिल हैं। घटना का खुलाया करते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि बीती 16 फरवरी को थाना बछरावां क्षेत्र में एक काली स्कॉर्पियो चोरी हुई थी, जिस पर मुकदमा संख्या दर्ज किया गया था। थाना बछरावां पुलिस ने एसओजी/सर्विलांस टीम, सीसीटीवी फुटेज और यक्ष ऐप की मदद से लगातार जांच की। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में 15 मार्च की रात को हरदोई शारदा नहर महराजगंज मोड़ पर संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने अनिल उर्फ अनीश पुत्र लाल बाबू उर्फ रामकिशोर, निवासी बुलंदशहर, रिंकू उर्फ राहुल उर्फ हेडन पुत्र ब्रह्म सिंह, निवासी बुलंदशहर, जितेन्द्र गुप्ता उर्फ जीतू पुत्र रामचन्द्र गुप्ता, निवासी एटा, प्रदीप सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र सुभाष सिंह, निवासी मऊ, अरविन्द पुत्र धरती, निवासी संतकबीरनगर, राकेश कुमार उर्फ छोटू पुत्र सीताराम यादव, निवासी जमुई (बिहार), राज सिंह उर्फ योगेश पुत्र खड़क सिंह, निवासी हरिद्वार (उत्तराखंड), नौसाद उर्फ फईम उर्फ राजू पुत्र समसुमियां, निवासी चकंदरा थाना सतपुड़ा, जनपद सतपुड़ा (बिहार) को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह गिरोह सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों का लॉक तोड़कर अंदर घुसता था, इग्निशन और विंडो लॉक तोड़ता था। पहले से खरीदे गए ईसीएम (इंजन कंट्रोल मॉड्यूल) को फिट कर सेंसर डिवाइस हटा देता था। चोरी की गाड़ियां मुख्य रूप से बिहार और बंगाल में बेच दी जाती थीं। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न जिलों में कई मामले दर्ज हैं, जिनकी जांच जारी है।

## जल महोत्सव: जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का उद्घाटन



अमेठी। नमामि गंगे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जामों विकासखंड क्षेत्र के रामपुर चौधरी गांव में निर्मित पानी की टंकी का उद्घाटन गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए पानी का सदैव उपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। आने वाला समय जल संकट का हो सकता है, ऐसे में हर व्यक्ति को पानी बचाने की जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि बिना पानी के न तो पेड़-पौधों की सिंचाई संभव है और न ही खेत-खलिहानों में अच्छी फसल हो सकती है। जल ही जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और सही उपयोग पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीणों का कहना था कि पानी की टंकी बनने से अब उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना नहीं पड़ेगा और गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर आधिषासी अभियंता अनिल राव प्रमुख अनिल सिंह जेई आदित्य श्रीवास्तव एई बिपिन चंद्र अंशुल कुमार कार्यदायी संस्था (हेतवी) के प्रतिनिधि नंदन सिंह अल्पेश सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी नफीस सचिन सिंह वीरेंद्र सिंह अर्जुन कुमार मंटु साहनी संदीप तिवारी नितिन तिवारी अभिषेक चौबे सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए किया गया, जिसमें सभी से पानी बचाने और उसका सही उपयोग करने की अपील की गई।

## जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

अमेठी। जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## डीएम ने जनसुनवाई में आये आवेदक को दिलाई ट्राई साइकिल



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में राम भरोसे पुत्र राम विशाल नि0-ग्राम मझिगवां हरदोई वि0ख0 हरचंदपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि प्रार्थी 100 प्रतिशत दिव्यांग है प्रार्थी के पास आवास नहीं है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि प्रार्थी का पीएम आवास की पात्रता सूची में नाम है शीघ्र ही आवास का लाभ मिल जायेगा। जिलाधिकारी ने राम भरोसे को दिव्यांगजन विभाग से नई ट्राई साइकिल दिलवाई, इसके साथ ही अवगत कराया गया कि आवेदक को दिव्यांग पेंशन का भी मिल रहा है लाभ, जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ दिलाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

## नवोदय के विद्यार्थियों ने किया एम्स रायबरेली का प्रेरणादायी शैक्षिक भ्रमण

महराजगंज रायबरेली। जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा आठ के 35 विद्यार्थियों ने बैगलेस कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली का शैक्षिक भ्रमण किया। इस प्रेरणादायी भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था, अस्पताल की कार्यप्रणाली तथा स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकियों को निकट से जानने का अवसर प्राप्त हुआ।



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्लड बैंक, ओपीडी, आपातकालीन विभाग, अस्थि रोग विभाग तथा न्यूरो सर्जरी विभाग का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं उपचार प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद करते हुए चिकित्सा सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा। इस अवसर पर आयोजित विशेष संवाद सत्र में डॉ. आकर्षण गुप्ता (सीनियर रेजिडेंट ब्लड बैंक विभाग), डॉ. महेंद्र कुमार मीना (असिस्टेंट प्रोफेसर जनरल मेडीसीन) तथा चेष्टा अरोड़ा (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर) ने विद्यार्थियों को एम्स की कार्यप्रणाली, ब्लड बैंक की उपयोगिता, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की भूमिका तथा अस्पताल प्रबंधन की विविध प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और समाज सेवा के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के प्रति प्रेरित भी किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय तथा काउंसलर अभिषेक श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह शैक्षिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी. त्रिपाठी एवं उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ के मुख्य मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं और उनके व्यक्तित्व तथा करियर दृष्टि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अस्पताल की कार्यप्रणाली को समझते हुए अपने अनुभव साझा किए और चिकित्सा क्षेत्र के प्रति गहरी रुचि व्यक्त की।

## महिला आमंत्रण हैंडबॉल में प्रतिभाग करेंगे जिले के खिलाड़ी



सुलतानपुर। खेल निदेशालय के तत्वाधान में बलरामपुर में 17 से 19 मार्च के मध्य आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के हैंडबॉल खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस एवज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ किरण रिबेलो एवं राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी विक्रम सिंह उदय सिंह ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों को किट प्रदान किया। टीम कोच प्रवीण मिश्रा की देख रेख में टीम रवाना हुई उन्होंने बताया कि टीम में दिव्यांशी खुशी यशु साक्षी गौतम श्वेता दुबे रोली आंचल प्रियांशी साक्षी आरुषि खुशी और श्वेता यादव को स्थान दिया गया है। अतिरिक्त में तनवी और अर्पिता जिले की तरफ से प्रतिभाग करेंगी, क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने टीम के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम को सभासद रमेश सिंह दीप सिंह मुनेंद्र मिश्र स्टेडियम कोच आनंद श्रीवास्तव श्याम शर ओझा राम नरेश आशा प्रदीप यादव सहित प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## कवि सम्मेलन में 18 मार्च को शिरकत करेंगे देश के नामी -गिरामी कवि

- हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा 14 वां विराट कवि सम्मेलन
- कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**सुलतानपुर**। भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर भारतीय नव वर्ष आयोजन समिति रजि. द्वारा 18 मार्च बुधवार को शाम 8 बजे पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में 14 वां विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा। जलशक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि होंगे ।सोमवार को कवि सम्मेलन व हिंदू नव वर्ष उत्सव मनाने की तैयारी को लेकर नमक मंडी में आयोजन समिति की बैठक हुई ।नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल के संयोजन में कार्यक्रम तैयारी की बिंदुवार समीक्षा कर रुपरेखा तय की गई ।इस दौरान हिंदू समिति के सदस्यों को अलग- अलग जिम्मेदारी दी गई। भारतीय नव वर्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का सृजन, मां दुर्गा की उपासना का चैत्र नवरात्र प्रारंभ, युगाब्द व विक्रमी संवत प्रारंभ, भारत सरकार का राष्ट्रीय पंचांग, आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिन तथा भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था। कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू नववर्ष की सनातनी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाना है। कवि सम्मेलन में देश के नामी गिरामी, राष्ट्रवादी कवियों एवं शायरों का जमावड़ा होगा। कोटा से कुंवर जावेद, जबलपुर से मणिका दूबे, छत्तीसगढ़ से रमेश विश्वहार, बाराबंकी से ओज के रामकिशोर त्रिपाठी व हास्य कवि विकास बौखल, अयोध्या से जमुना उपाध्याय व ध्रुव उपाध्याय, बिहार से शंभू शिखर तथा लखनऊ के अभय निर्भीक ओज व वीर रस से कवि सम्मेलन में समा बांधेंगे ।मीडिया इंचार्ज विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नव वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है, जो 19 मार्च 2026 को होता है। इसके साथ विक्रम संवत 2083 का वर्ष शुरू होता है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, विनोद कुमार पांडेय, एमपी त्रिपाठी, विजय रघुवंशी, संजय सोमवंशी, रजनीश मिश्रा, सुजीत सिंह, मनीष जायसवाल, दिनेश चौरसिया, प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## रंजिश को लेकर हुए मारपीट में चार घायल जिला अस्पताल रेफर, दो की हालत नाजुक

महराजगंज, रायबरेली। थुलवासा चैकी क्षेत्र के पूरे महतो मजरे थुलवासा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। घटना मे गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी जिला अस्पताल में जिन्दगी व मौत से जूझ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पूरे महतो गांव निवासी बाबूलाल और पप्पू के परिवार के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश है । जिसको लेकर सोमवार सुबह सात बजे पप्पू के परिवार ने बाबूलाल के परिवार पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में बाबूलाल व उनकी पत्नी कलावती, बेटा इंद्रेश व प्रदीप समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाबूलाल के बेटे प्रदीप कुमार ने गांव के ही पप्पू पुत्र किरसन, सत्येंद्र कुमार पुत्र पप्पू, गीता पत्नी पप्पू और रोशनी पुत्री पप्पू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि पप्पू के परिवार ने घर में घुसकर उनकी माता पिता व भाई की लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का उपचार चल रहा है। चैकी इंचार्ज थुलवासा को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल रेफर

नसीराबाद रायबरेली। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। सोमवार को नसीराबाद थाना क्षेत्र जायस सलोन मार्ग पर ग्राम डूडी बरगदी मजरे लखापुर निवासी 30 वर्षीय चन्द्र पाल पुत्र शीतल करीब सुबह 9 बजे बाइक अपनी संख्या यू पी 33 इक 7081 से अपने ससुराल अपनी अंगीता पत्नी को लाने कनकपुर जा रहा था। जैसे ही वह जायस सलोन मार्ग हीरो एजेंसी पुल के पास पहुंचा, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल युवक को सी एच सी नसीराबाद पहुंचाया ।जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. गुलाम यजदानी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिक की 16 वर्षीय पुत्री का पेड़ से लटका हुआ मिला शव

महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज थाना क्षेत्र के पाली गांव में निमार्णाधीन एक पेट्रोल पंप के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां काम करने वाले एक श्रमिक की 16 वर्षीय पुत्री का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी जिले के थाना गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत मोड़ा सवारन गांव के रहने वाले रामविलास महराजगंज के पाली गांव में बन रहे हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पंप पर मजदूरी का काम करते हैं। रामविलास अपनी 16 वर्षीय पुत्री आरती के साथ यहीं रहकर काम कर रहे थे। सोमवार सुबह आरती 16 वर्ष का शव पेट्रोल पंप के बगल में स्थित एक शीशम के पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। जैसे ही श्रमिकों और ग्रामीणों ने शव को देखा, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना पाकर महराजगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की सही वजह सामने आ सके। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## गौरैया आओ मेरे देश अभियान के तहत तमेहड़ी में बच्चों को दिलाई गई शपथ

जिला संवाददाता



**सुलतानपुर**। कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में तमेहड़ी दूबेपुर में द्यगौरैया आओ मेरे देश अभियान के तहत एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोनू यादव ने किया, जिसमें बच्चों और ग्रामीणों को गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखीपुर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक शहरीकरण और मानवीय स्वार्थों के कारण कभी घर-आंगन, बाग-बगीचों और छतों-मुंडेरों पर चहकने वाली नन्हीं गौरैया आज विलुप्तप्राय स्थिति में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि पहले घरों के आसपास फुदकती-चहचहाती गौरैयों की मधुर आवाज सुनाई देती थी, लेकिन अब उनका कलरव लगभग गुम हो गया है। तमेहड़ी की प्रधानाध्यापिका सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यदि गौरैया जैसी छोटी चिड़ियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता है तो पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पक्षियों के संरक्षण के लिए आगे आएं और उनके लिए दाना-पानी तथा सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करें। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने भी लोगों को प्रकृति और पक्षियों के संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो गौरैया फिर से हमारे घरों की छतों और मुंडेरों पर चहकती नजर आएगी और हमें सुखद अनुभूति कराएगी। कार्यक्रम का संचालन बृजेन्द्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रदीप उपाध्याय, सुषमा सिंह, अरविंद कुमार, संतोष कुमारी, राजकुमारी, शीला कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अखंड नगर गोलीकांड : राणा अजीत प्रताप सिंह समेत आठ आरोपित 23 मार्च तक भेजे गए जेल

सुल्तानपुर। अखंड नगर गोलीकांड के मामले में गिरफ्तार किए गए राणा अजीत प्रताप सिंह व उनके पुत्र अभिजीत सिंह, आरोपित आदित्य सिंह, विक्कू सिंह उर्फ शिवा, अभिषेक प्रताप सिंह, रितिक राय, अजय प्रताप सिंह व संजीत यादव को पुलिस ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कोर्ट में पेश किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दलीलें पेश कर पुलिस रिमांड रद्द करने की मांग की। अभियोजन पक्ष की ओर से वादी मुकदमा जिलाजीत यादव के अधिवक्ता संतोष पांडेय व एसपीओ शैलेश चतुर्वेदी ने आरोपितों के अपराध में शामिल होने की बात कहते हुए पुलिस रिमांड स्वीकार करने की मांग की। सीजेएम नवनीत सिंह ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपितों को 23 मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। अखंड नगर थाने के कल्यानपुर गांव निवासी जिलाजीत यादव ने बीते 15 मार्च मुकदमा दर्ज कराया कि सुबह 9 बजे गांव के अरविंद यादव से पुराने जमीनी विवाद को लेकर रतनपुर गांव के राणा अजीत प्रताप सिंह, अभिजीत सिंह पुत्र राणा अजीत प्रताप सिंह, अरुण सिंह पुत्र शारदा सिंह और अमन यादव पुत्र रामदीन यादव, आनंद यादव पुत्र रामदीन यादव, अरविंद यादव पुत्र रामदीन यादव निवासी कल्यानपुर व शतीष सिंह पुत्र गिरीश सिंह अमित सिंह पुत्र अज्ञात निवासी चंदीपुर, हलचल तिवारी निवासी नेमपुर, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर एक राय होकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ पिस्टल, रिवाल्वर, लाठी व डंडा लेकर जानलेवा हमला कर दिया था। इनमें से कुछ व्यक्तियों द्वारा फायरिंग भी की गयी। हमले में कमलेश व विपुल यादव को गम्भीर चोटें आई हैं।